रांची का तापमान
कांके | रांची
अधिक. 29.5° | अधिक. 30.2°
न्यून. 22.0° | न्यून. 22.7°
रांची, रविवार
17 अगस्त 2025
वर्ष-26, अंक-195, पृष्ठ-12

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 09, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



अंतिम जोहार दिशोम गुरु

## दिशोम गुरु के 'संस्कार भोज' में उमड़ी लाखों लोगों की भीड़, शामिल हुए कई विशिष्ट मेहमान

# लोग हमारे साथ खड़े रहे, मुझे और मेरे परिवार को मिला संबल : हेमंत

- मुख्यमंत्री सोरेन ने सभी आगंतुकों का जताया आभार
- कहा, हमारे घर-परिवार को इससे मिला आत्मबल
- लोगों ने कहा, गुरुजी को ना कभी भूले थे, ना ही भूलेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

रामगढ़। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिवंगत शिबू सोरेन के पैतृक गांव नेमरा की माटी शनिवार को फिर भावुक हो उठी, जब लाखों की संख्या में लोग यहां अपने महानायक दिशोम गुरु को नमन करने उमड़ पड़े थे। सभी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके अद्वितीय योगदान को स्मरण किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिबू सोरेन के 'संस्कार भोज' में शामिल होने के लिए राज्य के कोने-कोने से आए लोगों के प्रति आभार जताया। दिशोम गुरु के पुत्र सीएम सोरेन ने कहा कि बाबा जब नई दिल्ली के एक अस्पताल में जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे थे, उन कठिन परिस्थितियों में राज्यवासियों का हमारे परिवार को संबल प्राप्त हुआ, उसे कभी भूल नहीं सकता हूं। लोगों ने बाबा की जिंदगी के लिए दुआएं की, लेकिन ईश्वर को शायद कुछ और मंजूर था।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा, आज दिशोम गुरु हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके अंत्येष्टि संस्कार से लेकर आज के 'संस्कार भोज' में लाखों लोगों का शामिल होना, पूरे श्राद्ध कर्म के दौरान नेमरा आकर उनका हमारे साथ खड़े रहने से हमें और हमारे घर-परिवार को दुख की इस घड़ी में काफी आत्मबल मिला। राज्य की जनता जिस तरह हमारे साथ हर पल मौजूद रही, वह यह बताने के लिए काफी है कि उनका 'बाबा' से कितना गहरा लगाव था। 'बाबा' भले ही हमें हमेशा-हमेशा के लिए छोड़कर चले गए हैं, लेकिन, इस राज्य के मार्गदर्शक एवं पथ प्रदर्शक के रूप में वे सदैव याद किए जाएंगे। शेष पेज 09 पर







## गुरुजी की सरलता मुझे प्रभावित करती थी : राजनाथ



दिशोम गुरु के 'संस्कार भोज' में शामिल हुए रक्षा मंत्री

**रामगढ़।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत शिबू सोरेन के 'संस्कार भोज' में सम्मिलित होने के लिए दिशोम गुरु के पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के रामगढ़ जिले के नेमरा स्थित आवास पहुंचे। राजनाथ सिंह ने गुरुजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा मुख्यमंत्री एवं उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मेरी कई मुलाकातें हुई हैं। उनकी सहजता, सरलता एवं व्यक्तित्व मुझे प्रभावित करती थी। गुरुजी सिर्फ आदिवासी ही नहीं, बल्कि अन्य समाज के भी अभिभावक के रूप में जाने जाते थे। मैं अपनी ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

## राज्यपाल नेमरा पहुंचे, 'संस्कार भोज' में हुए शामिल



सीएम सोरेन एवं उनके परिवार से मिल कर गहरी संवेदना जताई

**रामगढ़।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शनिवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म में आयोजित 'संस्कार भोज' में सम्मिलित होने के लिए दिशोम गुरु के पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक गांव नेमरा, रामगढ़ स्थित आवास पहुंचे। राज्यपाल ने दिशोम गुरु की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल संतोष गंगवार ने मुख्यमंत्री सोरेन एवं उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की



## राज्य के लिए समर्पित रहा 'बाबा' का पूरा जीवन...

संस्कार भोज में सम्मिलित लोग 'दिशोम गुरु' की जिंदगी और व्यक्तित्व की ही बातें करते दिखे। उनका कहना था कि उनका जीवन संघर्षों से भरा था, लेकिन उन्होंने संघर्ष को ही अपना हथियार बनाया। 'बाबा' का पूरा जीवन इस राज्य की खातिर समर्पित रहा। वे एक तरफ त्याग और संघर्ष की मिसाल थे, तो दूसरी तरफ आदिवासी चेतना के वाहक। शोषण एवं अत्याचार के खिलाफ उलगुलान उनकी पहचान बनी, तो झारखंड आंदोलन के अग्रदूत भी थे। झारखंड अलग राज्य बना, तो यह उनके ही आंदोलन की ही देन है। वे एक कुशल नेतृत्वकर्ता तथा संगठनकर्ता थे। उन्हें ना हम कभी भूले थे, ना भूले हैं और ना ही भूलेंगे। वे हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। उनके आदर्शों को हम अपने जीवन में आत्मसात करें। उनके दिखाए मार्ग पर चलें, यही उन्हें सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। दिशोम गुरु को एक बार फिर शत-शत नमन।

## मुकम्मल व्यवस्था रही नहीं हुई कोई असुविधा

दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 'संस्कार भोज' में मुकम्मल प्रशासनिक व्यवस्था देखने को मिली। यहां योजनाबद्ध तरीके से सारी व्यवस्थाएं की गई थीं, जिस वजह से आगंतुकों को असुविधाएं नहीं हुइं। सुरक्षा के साथ भीड़ नियंत्रण की पुख्ता व्यवस्था थी। लोगों को जानकारी देने के लिए माइक से लगातार अनाउंसमेंट हो रहा था। वाहनों के पार्किंग के विशेष इंतजाम किए गए थे। सभी जवान ड्यूटी पर लगातार मुस्तैद रहे, ताकि किसी को कोई परेशानी नहीं हो। अति विशिष्ट एवं विशिष्ट मेहमानों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। पार्किंग स्थल से लोगों को लाने-ले जाने के लिए ऑटो की व्यवस्था थी। यहां आने वाला हर व्यक्ति दिशोम गुरु को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनकी आज से जुड़ी यादें अपने में समाहित कर वापस लौटे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस खातिर स्वयं सभी व्यवस्थाओं पर नजर रखे हुए थे।



79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रांची स्थित मोरहाबादी मैदान में शुक्रवार को परेड का निरीक्षण करते राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार। मौके पर राज्यपाल ने झारखंड वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



79वें स्वतंत्रता दिवस पर अपने पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में झंडारोहण कर तिरंगे को सलामी देते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समस्त झारखंड वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इंडिया

# लीलाधर कृष्ण पर विवाद नहीं, शोध किया जाना चाहिए



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

राम और कृष्ण भारत की भावभूमि के नायक हैं। उनका चरित्र बहुआयामी और रससिक्त रहा है कि इनके बिना भारतीय सनातनी परिवारों के शायद ही कोई संस्कार संपन्न होते होंगे। पुरानी साहित्यिक रचनाओं से लेकर स्वर्णिम काल की फिल्मों तक में सफलता की गारंटी ही नहीं भावपूर्ण दृश्यों के लिए इनका किसी न किसी रूप में चित्रण आवश्यक होता था। इन कृतियों के रचयिता मध्यकाल के कृष्ण भक्त मुसलमान कवियों में प्रमुख हैं तानसेन, ताज, रहीम, रसखान, जमाल, मुबारक, ताहिर अहमद, नेवाज, आलम, शेख तथा रसलीन। बहुसंख्यक सनातनी इन मुसलमान कृष्ण भक्त कवियों पर मानो न्योछावर थे और इन्हें हिंदू कवियों से भी श्रेष्ठ माना था। श्रीकृष्ण को पूर्णावतार कहा गया है जबकि आज के सोशल मीडियावीर कई विवाद खड़े करते हैं जैसे छली कृष्ण। राजनीति और युद्ध में कूटनीति का सहारा लेना छल या धोखा नहीं होता। चाणक्य ने कहा था 'यदि अच्छे उद्देश्य के लिए गलत मार्ग का चयन किया जाए तो यह अनुचित नहीं होगा। मार्ग कैसा भी हो लेकिन उद्देश्य सत्य और धर्म की जीत के लिए ही होना चाहिए।जब युद्ध में सारे नियम तोड़कर कौरव पक्ष ने भगवान श्रीकृष्ण के भांजे अभिमन्यु को निर्ममतापूर्वक मार दिया तो भगवान श्रीकृष्ण को भी नियम तोड़ने का अधिकार स्वतः ही मिल गया। विरोधी कहते हैं कि श्रीकृष्ण मनचले थे। ऐसी छवि भक्ति और रीतिकाल के कवियों ने बनाई थी। वृंदावन में ही श्रीकृष्ण और गोपियां आंख-मिचौनी का खेल खेलते थे। यहीं पर श्रीकृष्ण और उनके सभी सखा और सखियां मिलकर रासलीला अर्थात होली आदि तीज-त्योहारों पर नृत्य-उत्सव का आयोजन करते थे। कृष्ण 7 साल के थे और राधा 12 की, उनके साथ उन्हीं की उम्र के बच्चों की एक बड़ी टोली रहा करती थी, जो गांव की गलियों में धमाचौकड़ी मचाया करती थी। बच्चों की इस धमाचौकड़ी को पुराणों और बाद में भक्तिकाल के कवियों ने प्रेमलीला में बदल दिया।11 वर्ष की अवस्था में श्रीकृष्ण मथुरा चले गए थे ऐसे में रासलीला कैसे और कब की होगी? कृष्ण की जिन 16,000 पटरानियों के बारे में कहा जाता है, उन्हें





नरकासुर से श्रीकृष्णक ने मुक्त कराया और सम्मान देने के लिए आश्रय दिया। उन सभी ने श्रीकृष्ण को ही अपना सबकुछ मानते हुए उन्हें पति रूप में स्वीकार किया, लेकिन श्रीकृष्ण उन्हें इस तरह का नहीं मानते थे। सभी द्वारका में रहती थीं, महल में नहीं। भजन, कीर्तन, ईश्वर भक्ति करतीं थीं।उन्हें वहां किसी भी पुरुष से विवाह करने की अनुमति थी और उनमें से कुछ ने ऐसा किया भी था। क्या राधा, भगवान कृष्ण की प्रेमिका थीं? यदि थीं तो फिर कृष्ण ने उनसे विवाह क्यों नहीं किया? कृष्ण नंदगांव में रहते थे और राधा बरसाने में। नंदगांव और बरसाने से मथुरा लगभग 42-45 किलोमीटर दूर है। उल्लेखनीय है कि महाभारत में 'राधा' के नाम का उल्लेख नहीं मिलता है।यह सच है कि कृष्ण से जुड़े ग्रंथों में राधा का नाम नहीं के बराबर ही है। यदि भगवान कृष्ण के जीवन में राधा का जरा भी महत्व था, तो क्यों नहीं राधा का नाम कृष्ण से जुड़े ग्रंथों में मिलता है? या कहीं ऐसा तो नहीं कि वेद व्यासजी ने जान-बूझकर श्रीकृष्ण और राधा के प्रेम-प्रसंग को नहीं लिखा? राधा पद्म पुराण और ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार वृषभानु नामक गोप की पुत्री थीं। राधा, कृष्ण की मित्र थीं और उनका विवाह किशोर अवस्था में ही कर दिया गया था। महाभारत के सभी प्रमुख पात्र भीष्म, द्रोण, व्यास, कर्ण, अर्जुन, युधिष्ठिर श्रीकृष्ण के महान चरित्र की प्रशंसा करते थे जबकि उस काल में भी परस्त्री से अवैध संबंध रखना दुराचार माना जाता था। यदि श्रीकृष्ण का भी राधा नामक किसी औरत से संबंध हुआ होता तो श्रीकृष्ण पर भी अंगुली उठाई जाती?

### एक दिन का राजकीय शोक

## रामदास सोरेन का दिल्ली में निधन जमशेदपुर में पंचतत्व में विलीन

**नवीन मेल डेस्क**



- घोड़ाबांधा के श्मशान घाट में बड़े पुत्र सोमेश सोरेन ने दी मुखाग्नि
- राजकीय सम्मान के साथ किया गया शिक्षा मंत्री का अंतिम संस्कार

**रांची/नई दिल्ली।** राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा, साक्षरता एवं निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन का शुक्रवार की रात दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन से पूरे झारखंड में शोक की लहर है। मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर राज्य सरकार ने एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। 16 अगस्त (शनिवार) को राजकीय शोक के रूप में घोषित किया गया है। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ शनिवार की शाम साढ़े पांच बजे जमशेदपुर के घोड़ाबांधा के श्मशान घाट पर किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। अंतिम संस्कार से पहले उनका पार्थिव शरीर साकची में जिला कार्यालय लाया गया।

शेष पेज 09 पर




राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के "संस्कार भोज" में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से शामिल आमजनों से कुशल क्षेम करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

# दिशोम गुरु को राजनाथ सिंह व संजय सेठ ने दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नेमरा में दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी माता रूपी सोरेन, कल्पना सोरेन से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की। वहीं कहा कि गुरुजी ने अपने कर्मों से जो सम्मान अर्जित किया है, वह हर झारखंडवासी के लिए गौरव की बात है।



## दिशोम गुरु के संस्कार भोज में सम्मिलित हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री



**रांची।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी शनिवार को नेमरा स्थित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक आवास पहुंचे। रेवंत रेड्डी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संस्कार भोज में सम्मिलित हुए। उन्होंने स्मृति शेष-गुरुजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा मुख्यमंत्री एवं उनके पारिवारिक सदस्यों से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।



## दिशोम गुरु को रांची जिला ने दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** संपूर्ण रांची जिला दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्मृति में एकजुट हुआ। जिले के कोने-कोने में आयोजित श्रद्धांजलि सभाओं में हजारों लोगों ने अश्रुपूर्ण नेत्रों से उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। रांची जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के अंतर्गत संचालित 64 क्लस्टरों और सभी ग्राम संगठनों में सैकड़ों स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया। इन सभाओं में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं, सामाजिक कार्यकतार्ओं, स्थानीय नेताओं और आम नागरिकों ने हिस्सा लिया।

श्रद्धांजलि सभाओं में शामिल स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने एक स्वर में कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि गरीब, वंचित और आदिवासी समाज की आवाज थे। उनका जीवन सामाजिक न्याय, जल-जंगल-जमीन के संरक्षण और ग्रामीण उत्थान के लिए समर्पित रहा। दीदियों ने भावुक स्वर में कहा, ह्नराज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी का संघर्ष और त्याग हम सभी के लिए प्रेरणा है।

उन्होंने झारखंड के गठन के लिए अपना जीवन समर्पित किया और हर वर्ग के लोगों के हक की लड़ाई लड़ी।

# राज्यपाल ने मंत्री रामदास सोरेन को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को झारखंड विधानसभा परिसर में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता तथा निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने कहा कि रामदास सोरेन का असामयिक निधन राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है।

राज्यपाल गंगवार ने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।



## डीसी ने रामदास के निधन पर जताया शोक, दी श्रद्धांजलि



**रांची।** उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री ने झारखंड विधानसभा परिसर में मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता तथा निबंधन विभाग रामदास सोरेन के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उपायुक्त ने अपने शोक संदेश में कहा कि रामदास सोरेन का असामयिक निधन झारखंड राज्य के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस दुखद घड़ी में धैर्य व शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## विस अध्यक्ष ने रामदास के निधन पर जताया शोक



**रांची।** विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने रामदास सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि उनके निधन के समाचार से काफी दुखी हूं। आज वे हमारे बीच नहीं रह। उनका असमय चले जाना हम सभी को स्तब्ध करता है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। उनके परिवार जनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूं साथ ही उनके के चाहने वालों को इस विकट घड़ी में ईश्वर सहन शक्ति दें ।

## व्यवहार कुशल व मिलनसार व्यक्ति थे रामदास सोरेन : डॉ लंबोदर महतो

**रांची।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता तथा निबंधन मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन जहां राज्य व देश के लोग शोकाकुल व दुःखी हैं, वहीं रामदास सोरेन का भी हम सब के बीच से चला जाना अत्यंत दुखद घटना है। उनकानिधन राज्य के लिए बड़ी क्षति है। पूर्व विधायक ने कहा कि रामदास सोरेन व्यवहार कुशल व मिलनसार व्यक्ति थे। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने ईश्वर से दिवगंत आत्मा की शांति व परिजनों को ताकत प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## रामदास सोरेन को विधानसभा में दी गई श्रद्धांजलि

**रांची।** मंत्री रामदास सोरेन का 15 अगस्त को नई दिल्ली में निधन हुआ था। दिवंगत रामदास सोरेन के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए आज शनिवार को 10 बजे पूर्वाह्न में झारखंड विधानसभा लाया गया। जहां राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, मंत्री दीपक बिरूवा, शिल्पी नेहा तिर्की, राज्यसभा सांसद महुआ माझी, सांसद जोबा माझी, मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रधान सचिव वंदना दादेल, झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव माणिक लाल हेम्म एवं पदाधिकारियों कर्मियों तथा अन्य गणमान्य लोगों ने झारखंड विधानसभा में उनके पार्थिक शरीर का अंतिम दर्शन किया।









शनिवार को दिवंगत शिबू सोरेन के 'श्राद्धकर्म' के विधान को पूरा करते दिशोम गुरु के पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

राज्यपाल संतोष गंगवार ने मोरहाबादी मैदान में फहराया तिरंगा, कहा

# झारखंड में नक्सल हिंसा में 75 फीसदी कमी आई

आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक 35 लाख से अधिक लोगों को मुफ्त इलाज मिला है

नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की रफ्तार तेज है

5,000 से ज्यादा सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे का उन्नयन किया गया है

अस्पतालों में 150 से अधिक अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए और 500 से ज्यादा डॉक्टर व नर्सों की नियुक्ति हुई।



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

79वें स्वतंत्रता दिवस पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में तिरंगा फहराया। उन्होंने राज्य के लोगों को संबोधित करते हुए सशक्त राष्ट्र और राज्य के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में झारखंड नक्सल समस्या से पूरी तरह मुक्त होकर शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और बुनियादी ढांचे में देश के अग्रणी राज्यों की कतार में खड़ा होगा। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के पूर्व राज्यपाल ने सशस्त्र बलों की संयुक्त परेड का निरीक्षण किया। राज्यपाल गंगवार ने कहा कि राज्य में नक्सल हिंसा के मामलों में पिछले कुछ वर्षों में 75 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है और अब नक्सल प्रभावित इलाकों में सड़क, बिजली, पानी व स्वास्थ्य सेवाओं के साथ विकास की रफ्तार तेज हो रही है।

राज्य में चल रही विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पिछले एक साल में 1,200 किलोमीटर से अधिक नई सड़कों का निर्माण हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में 3.5 लाख घरों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गए, जबकि जल जीवन मिशन के तहत 18 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल का पानी मिला है। शिक्षा क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि 5,000 से ज्यादा सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे का उन्नयन किया गया है। 2,500 से अधिक स्मार्ट क्लासरूम तैयार किए गए हैं और 400 ई-लाइब्रेरी स्थापित हुई हैं। विश्वविद्यालयों में शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विशेष अनुदान दिया जा रहा है। औद्योगिक विकास पर राज्यपाल ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में राज्य में 15,000 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव मिला, जिसमें खनिज, ऊर्जा और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर शामिल हैं। उद्योगों के लिए भूमि, बिजली और एकल खिड़की प्रणाली से अनुमति की प्रक्रिया आसान की गई है। महिला सशक्तिकरण के मोर्चे पर राज्य की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 3.8 लाख महिला स्वयं सहायता समूहों को बैंक लिंकेज और प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ा गया है। इन समूहों के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती और महिलाओं की आय में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में जिला अस्पतालों में 150 से अधिक अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए और 500 से ज्यादा डॉक्टर व नर्सों की नियुक्ति हुई।आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक 35 लाख से अधिक लोगों को मुफ्त इलाज मिला है। पर्यटन विकास पर राज्यपाल ने कहा कि देवघर, पारसनाथ, नेतरहाट और पटगांवा जलप्रपात जैसे स्थलों का उन्नयन किया जा रहा है। इको-टूरिज्म और साहसिक पर्यटन के तहत 1,200 स्थानीय युवाओं को रोजगार मिला है।

## विकास शहरों तक सीमित नहीं रहे : स्पीकर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



● विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने किया झंडोत्तोलन

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि यह दिन हम सब के लिए गौरवपूर्ण और पावन है। चारों ओर उत्सव का वातावरण है। यह गर्व की बात है कि देश में हर जगह बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। उन्होंने झारखंड विधानसभा की तरफ से सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। विधानसभा में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में विधायक, पूर्व विधायक, सभा सचिवालय के प्रभारी सचिव, सचिवालय के सभी पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। स्पीकर ने जोर देकर कहा कि झारखंड में भी हमें यह सुनिश्चित करना है कि विकास शहरों तक सीमित नहीं रहे, गांव-गांव तक किसान, आदिवासी समुदाय, छोटे उद्योग, महिला स्वरोजगार और शिक्षा, स्वास्थ्य से जुड़ी कवायद पहुंचे।

हमें आत्मनिर्भर भारत के उस मार्ग पर चलना है, जहां विकास का फल सबको मिले। उन्होंने कहा कि सकारात्मक कार्रवाई को मजबूत किया जाना चाहिए और कथित सामाजिक स्तरों के आधार पर कलह को बढ़ावा देने वाली प्रवृत्तियों को खारिज करना होगा। झारखंड में जहां सामाजिक एवं सांस्कृतिक विविधता के साथ संघर्ष का इतिहास भी जुड़ा है, वहां समावेशी नीति-निर्माण और निष्पक्ष विकास आवश्यक है। हमारे संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर ने कहा है कि राजनीतिक लोकतंत्र तब तक नहीं टिक सकता, जब तक कि उसके आधार में सामाजिक लोकतंत्र न हो और यह आज जितना जरूरी है, अगली पीढ़ी के लिए उतना ही अपरिहार्य है। स्पीकर ने कहा कि आजादी का मूल्य अनेक स्वतंत्रता सेनानियों के अपार बलिदान से हासिल किया गया था। जय हिन्द, जय भारत, जय झारखंड-यह केवल नारे नहीं, बल्कि उनके आत्म-बलिदानों की जीवंत गाथा हैं। हमारा राज्य स्वतंत्रता संग्राम में पूरे देश में अग्रणी रहा है। बाबा तिलका मांझी पूरे देश में पहली बार अंग्रेजों के विरुद्ध स्वाधीनता के लिए हथियार उठाया। उन्होंने कहा कि 1855 में संताल विद्रोह के दौरान सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो ने संताल की मिट्टी से क्रान्ति का नेतृत्व किया और अंग्रेजी हुकूमत को झकझोर कर रख दिया। धरती आबा बिरसा मुंडा ने न केवल अंग्रेजों से लोहा लिया, बल्कि राष्ट्रवाद की परिकल्पना को भी प्रस्तुत किया। राज्य के अन्य क्षेत्रों से भी लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने किया ध्वजारोहण, कहा

## हर मोर्चे पर बेहतर काम कर रही है झारखंड पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



स्वतंत्रता दिवस पर झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने झंडोत्तोलन किया। 79वें स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराने के बाद डीजीपी ने कहा कि झारखंड पुलिस हर मोर्चे पर बेहतर करने का कार्य कर रही है।

झारखंड पुलिस मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत की आन बान और शान तिरंगा को सलामी दी गई। इस मौके पर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने झंडोत्तोलन किया। इस दौरान पुलिस मुख्यालय में भव्य परेड का आयोजन भी किया गया। डीजीपी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झारखंड पुलिस के द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डीजीपी ने बताया 15 अगस्त 2025 को 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपस्थित पुलिसकर्मियों एवं मेरे अन्य सहकर्मी प्रेस मीडिया के बन्धुओं को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें और बधाई देता हूं। 15 अगस्त के दिन में हमारे देश के उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करता हूं, जिनकी कुर्बानियों से हमें यह आजादी मिली है। डीजीपी ने बताया कि झारखंड पुलिस ने अनेकों चुनौतियों का सामना करते हुए इस साल जनवरी से जून तक (अर्धवार्षिक) राज्य में कुल 197 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। जबकि 10 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है और 17 नक्सली पुलिस मुठभेड़ में मारे गए हैं।

## डीसीसी ने किया झंडोत्तोलन



**रांची।** डीडीसी सौरभ भुवनिया ने स्वतंत्रता दिवस पर विकास भवन परिसर में झंडोत्तोलन किया। इस दौरान उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री, वरीय पुलिस अधीक्षक चन्दन कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्त्ता रामनारायण सिंह एवं अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। उप विकास आयुक्त सौरभ भुवनिया ने सभी पदाधिकारी/कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। इस खास अवसर पर उन्होंने सभी को अपने देश के लिए बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने कार्यालय परिसर में किया झंडारोहण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्वतंत्रता दिवस पर प्रमंडलीय आयुक्तअंजनी कुमार मिश्र ने शुक्रवार को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, कार्यालय परिसर में झंडारोहण किया। इस दौरान आयुक्त के सचिव अलोक कुमार, हरिवंश पंडित, उप परिवहन आयुक्त सह सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, संजीव कुमार उपनिदेशक कल्याण दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची, उप निदेशक जनसंपर्क एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



## उपायुक्त ने किया ध्वजारोहण

उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री ने अपने आवासीय कार्यालय व समाहरणालय में ध्वजारोहण किया। मौके पर उन्होंने जिला वासियों को स्वतंत्रता दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। समारोह में उप-विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी, अपर समाहर्त्ता रामनारायण सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडे, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी केके राजहंस, मनीषा तिर्की सहित अन्य अन्य अधिकारी शामिल रहे।

## स्वतंत्रता दिवस एक महान राष्ट्र के निर्माण के संकल्प का प्रतीक : निलेंदु कुमार सिंह

● सीसीएल के सीएमडी ने गांधीनगर में किया ध्वजारोहण

● सीसीएल में हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के रांची स्थित मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में 79वां स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने सीसीएल गांधीनगर कॉलोनी स्थित महात्मा गांधी क्रीड़ागन में ध्वजारोहण किया एवं सलामी दी। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, मुख्य सर्तकता अधिकारी पंकज कुमार, सीआईएसएफ की डीआईजी अनुराधा सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। सीएमडी सिंह ने अवसर विशेष पर सुरक्षा बलों एवं विद्यार्थियों के परेडों का निरीक्षण भी किया। सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और वीर शहीदों के अतुल्य पराक्रम को नमन किया। अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि यह दिन केवल आजादी का प्रतीक नहीं, बल्कि एक महान राष्ट्र के निर्माण के संकल्प का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सीसीएल न केवल भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है, बल्कि नए भारत के निर्माण और झारखंड के औद्योगिक विकास में भी अहम योगदान दे रहा है। सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने कंपनी के उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि पिछले साल सीसीएल ने उत्पादन और प्रेषण में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया, 5,400 करोड़ रुपए से अधिक का लाभ (पीबीटी) अर्जित किया और 96% ग्रेड कंफर्मिटी दर्ज की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में 245 हेक्टेयर पौधरोपण कर लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल की गई। वहीं, सौर ऊर्जा के क्षेत्र में 20 मेगावाट (पिपरवार) और 4 मेगावाट (गिरिडीह) संयंत्र से उल्लेखनीय उत्पादन हो रहा है।

उन्होंने भविष्य की परियोजनाएं पर कहा कि सीसीएल में केबीपी ओसीपी का संचालन प्रारंभ हो चुका है, चंद्रगुप्त ओसीपी जल्द शुरू होगी तथा आने वाले वर्षों में 14.5 एमटी क्षमता की 5 नई वाशरियां लगाई जाएंगी। न्यू कथारा कोकिंग कोल वाशरी को कोल इंडिया की पहली बीओओ परियोजना बताया, जिस पर 380 करोड़ रुपए का निवेश होगा। कहा, पर्यावरण एवं सतत विकास की दिशा में सीसीएल ने 'हाईवाल माइनिंग' तकनीक, मियावाकी पद्धति से पौधरोपण, ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम, फॉग कैनन, और इको फ्रेंडली कोल हैंडलिंग प्लांट जैसी पहल अपनाई हैं।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री को तिरंगा भेंट किया

**रांची।** रिटायर्ड मेजर जनरल असीम कोहली ने आईआईटी दिल्ली के सहयोग से सैन्य वर्दियों का ग्रेसफुल डिस्पोटल कर उससे बच्चों के स्कूल बैग, लैपटॉप बैग व अन्य उपयोगी उत्पाद बनाए जा रहे हैं। इस दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए इन्होंने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के उपयोग के उपरांत उसे रिसाइकल कर पुनः उसका उपयोग करने का कार्य शुरू किया है। इस परियोजना के तहत बनाया गया तिरंगा झंडा उन्होंने भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को भेंट किया। इस परियोजना की जानकारी दी। उनकी यह परियोजना समाज और राष्ट्र के लिए बेहद उपयोगी है। प्रत्येक वर्ष करोड़ों तिरंगा फहराया जाता है और एक समय के बाद इसे भी रिसाइकल की जरूरत पड़ती है।

## नागरमल मोदी सेवा सदन में वरीय उपाध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने फहराया झंडा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नागरमल मोदी सेवा सदन के परिसर में स्वतंत्रता दिवस पर शुक्रवार को वरीय उपाध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने झंडारोहण किया। मौके पर सदन की उपाध्यक्ष रेखा जैन एवं नर्सिंग टीम ने देशभक्ति के गीत गाए। सचिव आशीष मोदी ने झारखंड के पुरोधा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के प्रति सदन की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।




● सदन की उपाध्यक्ष रेखा जैन एवं नर्सिंग टीम ने गाए देशभक्ति के गीत

नागरमल मोदी सेवा सदन के चेयरमैन (अवलोकन एवं संवर्द्धन) आलोक तुलस्यान ने बताया कि कांफ्रेंस हाल में सदन के डॉ सिद्धांत जैन ने गंभीर रोगों के इलाज के लिए सदन के सामर्थ्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सदन के सदस्य, चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस पर रांची गौशाला न्यास गोकुलधाम में किया गया झंडारोहण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित रांची गौशाला न्यास गोकुलधाम में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर शुक्रवार को झंडारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष पुनीत कुमार पोद्दार एवं अन्य सदस्यों ने झंडारोहण करके की। उसके बाद अध्यक्ष पुनीत कुमार पोद्दार ने आए हुए सभी अतिथियों एवं समाज बंधुओं का स्वागत किया।

अध्यक्ष पुनीत कुमार पोद्दार ने अपने भाषण में कहा कि हमारी एक माता घर पर है और सैकड़ों गौ माता इस पावन धाम गौशाला में हैं। उन्होंने गौशाला के आने वाले कई कार्यक्रमों की जानकारी सभी के बीच रखी एवं सभी से आग्रह किया कि वे तन मन और धन से गौशाला से जुड़ें तथा गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त करें। कार्यक्रम का संचालन मंत्री प्रदीप राजगढ़िया ने किया। यह जानकारी प्रवक्ता मनीष लोधा ने दी।

## स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद रखना हमारा कर्तव्य : गोंड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



● बैंक ऑफ इंडिया की चर्च रोड शाखा प्रांगण में हुआ ध्वजारोहण

बैंक ऑफ इंडिया की चर्च रोड शाखा प्रांगण में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। फील्ड महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिजनों तथा बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

ध्वजारोहण के पश्चात श्री गोंड ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान को सदैव याद रखना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपनी निष्ठा और परिश्रम से बैंकिंग सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय योगदान दें।

आंचलिक प्रबंधक श्री संजीव कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि बैंक ऑफ इंडिया सदैव सामाजिक उत्तरदायित्व एवं वित्तीय समावेशन के प्रति प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि टीम भावना और अनुशासन के साथ कार्य करने से संस्था नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगी। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा बैंक के विभिन्न मानदंडों में सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया गया तथा बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के उपरांत सभी ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। समारोह में उपमहाप्रबंधक दीप शंकर, संतोष कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक अशीम कुमार, हिमांशु शेखर, मुख्य प्रबंधक राजेश कुमार, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक रागिनी प्रसाद के अतिरिक्त संगठन से प्रकाश उरांव, अरुण प्रबाल, मनीष नारायण तथा हरीश सिंह मौजूद थे।

## राजधानी के लोगों ने बताया आजादी का मतलब

# मानसिक आजादी और आत्मानुशासन के बिना अधूरी है हम सब की आजादी



**काजल मेहता। रांची। स्वतंत्रता दिवस पर राजधानी वासियों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। लोगों ने सामाजिक कुरीतियां, अंधविश्वास और लड़कियों की पढ़ाई नहीं करने देने वाले कुरीतियों से आजादी मिलने की बात कही। वहीं बहुत से सरकारी कर्मचारियों से 15 अगस्त को क्या करते हैं पूछे जाने पर उन्होंने जवाब देने की बजाय कई तर्क दिए जैसे- हम क्या बताएं, रहने दीजिए, साहब से पूछ लीजिए। इन सभी जवाबों से साफ जाहिर होता है कि देश की आजादी को 79 वर्ष हो गए हैं लेकिन लोगो मानसिक रूप से आजाद नहीं हुए हैं।**

### अंग्रेजों से मिली आजादी काफी नहीं, नशे के गिरफ्त से आजादी की जंग लड़ें युवा : मनीषा



अमर शहीदों की कुर्बानी की याद में युवा करें संकल्प, नशे से आजादी, देश का विकास , देश की आजादी में शहीदों के कुर्बानी को नमन करने का दिन है। यह दिन संकल्प का भी है। इस दिन हर युवा को एक संकल्प लेना चाहिए की देश के युवाओं को नशे की गिरफ्त से दूर किया जाए। अंग्रेजों से आजादी दिलाने के लिए हम जैसे ही युवाओं ने अपने घर छोड़े, रिश्ते जीवन से मोह सब त्यागा तभी हमें आजाद भारत मिला है। अब हमारी बारी है नशे के मोह को त्याग कर समाज को सकारात्मकता की और ले चलें और वास्तव में देश को आजाद करें।

### आजादी का मतलब सिर्फ गुलामी से निकलना नहीं : आराधना गाड़ी



हमारे लिए आज़ादी सिर्फ़ अंग्रेज़ों की गुलामी से निकलना नहीं है, बल्कि हर उस सोच से निकलना है जो लड़कियों को सीमाओं में बांध देती है। आज 15 अगस्त मुझे यह याद दिलाता है कि अगर देश स्वतंत्र है, तो बेटियों को भी अपने सपनों को जीने की पूरी स्वतंत्रता होनी चाहिए। शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर हर लड़की का हक़ बने। क्योंकि जब बेटियां पढ़ेंगी, आगे बढ़ेंगी, तभी असली मायने में देश मज़बूत होगा। डर,संकोच, भेदभाव से आज़ादी ही आज़ादी का सही मायना है।

### 15 अगस्त सिर्फ त्योहार नहीं बल्कि संकल्प है देश के लिए बेहतर करना है : अक्षय कुमार





हम आजादी के उस दौर में जन्मे हैं, जहां हमें खुलकर बोलने, लिखने, पढ़ने और सपने देखने की स्वतंत्रता मिली है। 15 अगस्त सिर्फ झंडा फहराने का दिन नहीं है , बल्कि यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि यह स्वतंत्रता कितने संघर्ष, बलिदान और कुर्बानियों की कीमत पर मिली है। आज के युवा के लिए स्वतंत्रता का मतलब सिर्फ़ अंग्रेज़ों से मुक्ति नहीं, बल्कि हर उस बंधन से आज़ादी है जो समाज को पीछे खींचता है। चाहे वह अशिक्षा, भ्रष्टाचार, बेरोज़गारी या भेदभाव हो।

### गरीब तबके के लोगों की आजादी भ्रष्टतंत्र ने छीन ली : संतोष अग्रवाल



1947 में मिली आजादी और आज की आजादी में फर्क है। संतोष अग्रवाल का कहना है गरीब तबके को आजादी मिली ही नहीं बल्कि इनकी आज़ादी भ्रष्टतंत्र ने छीन ली। जहां एक और हर कोई आज़ादी का जश्न मनाएगा वहीं दूसरी तरफ छोटे बच्चे कमाने के लिए आजादी का तिरंगा बेचते नजर आएंगे। उन्होंने कहा सुधर के बजाय सब बिगड़ा हुआ है। राजनीती में अधिकतर अपराधियों का कब्जा है। कुछ भ्रष्ट नेता तिरंगे को छूकर उसे मैला करेंगे।

### खुद जीयो और जीने दो सिद्धांत पर आगे बढ़ना ही असली आजादी : महेंद्र महतो



अपने जीवन को प्राकृतिक नियम और अपनी मर्यादा में बंध कर बिना डरे बेखौफ कर्तव्यों का पालन करना और खुद जीयो और जीने दो सिद्धांत पर आगे बढ़ने को ही असली आजादी कहा जाना चाहिए। उन्होंने कहा देश की आजादी के लिए कुर्बान हुए हर एक शहीद का एक ही सपना था देश अंग्रेजों से मुक्ति पा ले और आने वाली पीढियां अपनी आजादी को व्यक्तिगत रूप से जी सके। उसे पूरा करने के लिए आज की युवा सक्षम है।

### देश के प्रगति और विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की पारी अब हमारी : रोहित शेखर



मैं स्वतंत्रता दिवस को सिर्फ एक ऐतिहासिक तारीख़ नहीं, बल्कि ज़िम्मेदारी और संकल्प का दिन मानता हूँ। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारे पूर्वजों ने अपने साहस, त्याग और बलिदान से हमें आज़ादी दिलाई। अब हमारी बारी है कि हम देश के विकास, एकता और प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाएँ। आज़ादी केवल मिलने भर से नहीं, बल्कि उसे संभालने और आगे बढ़ाने से कायम रहती है



### अभिव्यक्ति और मानवीय स्वतंत्रता ही सही मायने में आज़ादी है : कुणाल



देश की आजादी का मतलब हमारी आज़ादी है। हम किसी के गुलाम, किसी के अधीन ना रहे इसके लिए सैंकड़ों स्वतंत्रता सेनानियों ने कुर्बानी दी है। आजादी का मतलब है देश - समाज की व्यवस्थाओं में बाधक न बनते हुए हमें अपने आचार- विचार के अनुसार जीवन जीने और फैसले लेने की बंधन- बाधायें न हों। अभिव्यक्ति की स्वयतंत्रता हो, मानवीय गरिमा और सम्मान के साथ जीवन गुजारने के समान अवसर हों, किसी तरह की जाति, लिंग या धर्म का भेदभाव न हो।

### आजादी का मतलब परिपूर्ण आजादी, कानूनी दायरे के साथ : निखिल पोद्दार



**देश को आजाद हुए 79 वर्ष पूरे हो गए। इन में से जितनी हमारी उम्र है उसमे हमने देश को आजाद ही पाया है। लेकिन समाज की कुछ बेडियां आज भी हमारी आजादी को छिनने की कोशिश कर रही है। समाज में आज भी महिला से लेकर पुरुषों की आज़ादी पर सवाल खड़े होते हैं। अब वक्त आ गया है व्यक्तिगत आज़ादी और अमर शहीदों के सपने को पूरा करने का। आज़ादी का मतलब है परिपूर्ण रूप से आजादी" लेकिन कानून के दायरे में और कानून के अनुपालन के साथ।**

# योगदा सत्संग आश्रम में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** योगदा सत्संग शाखा आश्रम में, भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में, जन्माष्टमी अत्यंत श्रद्धा और आनन्द के साथ मनाया गया। दिन के उत्सवों का शुभारम्भ ब्रह्मचारी हरिप्रीयानन्द के द्वारा संचालित सुबह 6:30 बजे से 8:00 बजे तक चले एक सामूहिक ध्यान सत्र के साथ हुआ। ध्यान के दौरान उन्होंने वाईएसएस/एसआरएफ की पूज्य चौथी अध्यक्षा श्री श्री मृणालिनी माताजी द्वारा वर्षों पहले जन्माष्टमी के अवसर पर लिखा गया एक प्रेरणादायक पत्र भी पढ़ा जिसे भक्तों ने तल्लीन होकर सुना। पत्र में, उन्होंने परमहंस योगानन्द, आध्यात्मिक अमरकृति योगी कथामृत के लेखक, को उद्धृत किया:गीता में श्रीकृष्ण का सन्देश आधुनिक युग और किसी भी युग के लिये सम्पूर्ण उत्तर है:- कर्त्तव्य कर्म, अनासक्ति, और ईश्वर-प्राप्ति के लिए ध्यान का योग। भक्तों ने प्रातः 9:30 बजे से 11:30 बजे तक स्वामी अमरानन्द गिरि और स्वामी शंकरानन्द गिरि के नेतृत्व में हृदयस्पर्शी भजनों में भाग लिया, जिससे आश्रम भक्तिमय उत्साह से भर उठा। जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भक्तों ने सायंकाल 7:30 बजे से 10:30 बजे तक वाईएसएस/एसआरएफ के अध्यक्ष और आध्यात्मिक प्रमुख श्री श्री स्वामी चिदानन्द गिरि के द्वारा संचालित एक विशेष तीन घंटे के ध्यान में भाग लिया, जिसका लॉस एंजेलिस स्थित एसआरएफ अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय से सीधा प्रसारण किया गया। ध्यान के दौरान, योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया के संन्यासियों के कीर्तन समूह द्वारा आत्म-पोषक कीर्तन के क्षण भी थे, जो भारत से स्वामी चिदानन्दजी के साथ आभासी रूप से जुड़े थे। इन पवित्र आयोजनों के अतिरिक्त, रविवार, 10 अगस्त को एक विशेष आठ घंटे का ध्यान भी आयोजित किया गया, जिसने साधकों को ईश्वर और गुरु के दिव्य स्मरण में गहराई से लीन होने का एक धन्य अवसर प्रदान किया।

### रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय में रैगिंग के खिलाफ चला जागरूकता कार्यक्रम

**रांची।** एंटी रैगिंग सप्ताह पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता डॉ एमके गुप्त, वार्डन डॉ अरविंद कुमार शर्मा तथा उप वार्डन डॉ अर्पणा ने रैगिंग के दुष्प्रभावों के बारे में चर्चा करते हुए ऐसे कृत्य में किसी प्रकार की सलंग्नता से बचने का परामर्श विद्यार्थियों को दिया। वक्ताओं ने कहा कि रैगिंग से पीड़ित विद्यार्थी मानसिक और भावात्मक रूप से कमजोर हो जाता है। इससे उसके एकेडमिक प्रदर्शन पर तो प्रतिकुल प्रभाव पड़ता ही है शिक्षण संस्थान की छवि पर भी आंच जाती है। इसलिए रैगिंग में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं के प्रति यूजीसी और सर्वोच्च न्यायालय का बहुत कड़ा रुख है। भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत रैगिंग करने वालों को बिना वारंट के गिरफ्तार किया जा सकता है। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रैगिंग में किसी प्रकार की भागीदारी नहीं करने का संकल्प दिलाया गया।

## पिठौरिया में चला विशेष वाहन जांच अभियान



**पिठौरिया।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शुक्रवार को पिठौरिया-पतरातू मुख्य मार्ग पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार पिठौरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने इस अभियान का नेतृत्व किया।अभियान के तहत वाहनों के दस्तावेज, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग, गति सीमा और अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चलाया गया।स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की, इसे सड़क सुरक्षा और अनुशासन कायम रखने का एक सकारात्मक प्रयास बताया। पुलिस की सक्रियता ने क्षेत्र में सुरक्षा को नई दिशा दी।

## बच्चों ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**पिठौरिया।** नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में धूम - धाम से उनासीवां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया । इस अवसर पर प्राचार्या किरण यादव ने विद्यालय की पूर्व शिक्षिका सरिता बल्लभ, वीणा सिन्हा एवं छाया रानी की गरिमामयी उपस्थिति में ध्वजारोहण करके तिरंगे को सलामी दी। तत्पश्चात विद्यालय के एनसीसी दल एवं विभिन्न सदनों के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। तदुपरांत कक्षा एल केजी से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। हिन्दी एवं अंग्रेजी में भाषण, देशभक्ति गीत, नृत्य, नुक्कड़ नाटक आदि प्रस्तुत करके देशभक्ति का संदेश दिया गया । स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्या किरण यादव ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए उनासीवें स्वतंत्रता दिवस की बधाई तथा हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल में हमें अपने कर्त्तव्यों को समझना चाहिए और उनका ईमानदारी से पालन करना चाहिए। इस प्रकार हम देश एवं समाज के उत्थान में अपना योगदान दे सकते हैं ।

## पिठौरिया में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ झंडारोहण



**पिठौरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय में निदेशक दीपक चौरसिया, पिठौरिया थाना में प्रभारी अभय कुमार, डीएवी नीरजा सहाय में प्राचार्या किरण यादव, साइंस विजन पब्लिक स्कूल में निदेशक आसीम अख्तर, भावना विकास विद्यालय में प्रबंधक नजीब अंसारी और कांके चौक में समाजसेवी स्वामी देवेंद्र प्रकाश के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के द्वारा देशभक्ति गीत, कविता और नृत्य की प्रस्तुति की गई। अनेक स्थलों पर प्रभात फेरी भी निकल गई। पंचायत भवनों में संबंधित मुखिया के द्वारा झंडोत्तोलन कर मिठाइयां बांटी गई। इस अवसर पर बलिदानियों को याद करते हुए समृद्ध और विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया।

## स्टार्टअप और नवाचार में झारखंड का लहराया परचम

# आनंद विजय लकड़ा को राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान: बाबूलाल




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय, दिल्ली में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर स्टार्टअप यूथ अवार्ड 2.0 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभर से आए विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्टार्टअप एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को केंद्र सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। रांची, झारखंड के आनंद विजय लकड़ा को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और युवाओं को प्रेरित करने के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

**प्रदेश भाजपा ने आनंद विजय को किया सम्मानित:** रांची में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आनंद विजय लकड़ा को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह झारखंड भाजपा के लिए गर्व की बात है कि एपीजे अब्दुल कलाम स्टार्टअप यूथ अवार्ड 2.0 में झारखंड के युवा आनंद विजय लकड़ा ने प्रथम स्थान हासिल किया है।

### बाबा टोला में श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मना



**तमाड़।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर बाबा टोला पुन्दिदिरी में मटकी फोड़, फैंसी ड्रेस कंपटीशन और रात को संगीत प्रोग्राम का आयोजन किया गया , जिसमें से मटकी फोड़ प्रतियोगिता में तीन ग्रुप भाग लिए , प्रथम ग्रुप बाबा एंड ब्रदर्स ,सेकंड ग्रुप लिटिल कृष्ण ग्रुप, थर्ड ग्रुप का नाम आसु और ग्रुप जिसमें से प्रथम पुरस्कार बाबा एंड ब्रदर्स को मिला 1101 रुपया सम्मान पूर्वक मिला जिसमें से बाबा और ग्रुप का निर्णय रहा की 1101 रुपया मंदिर के निर्माण के लिए दान कर दिया। ओर साथ ही राधा कृष्ण फैशन प्रतियोगिता रखा गया।

## सवा लाख गुलाब के फूलों से बाबा श्याम का अनुपम अद्भुत श्रंगार

# 15000 से ज्यादा भक्तों ने किए बाबा के दर्शन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची** 16 अगस्त : हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भव्य कृष्ण जन्मोत्सव पर्व का आयोजन किया गया। सुबह 5:00 बजे पट खुले जब भक्तों ने मंगला दर्शन किए। मंगला आरती में नियमित भक्तों के अलावा आज विशेष कृष्ण जन्मोत्सव दर्शन करने वालों का भी तांता लगा हुआ था। इसके बाद पर्दे लगाकर बाबा श्याम का प्रातः कालीन श्रृंगार किया गया । सभी देवी देवताओं सहित गुरुजनों एवं बाबा श्याम का दिव्य अनुपम श्रृंगार किया गया। श्रृंगार आरती में भक्तों ने जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम के भजन गाकर बाबा श्याम को रिझाया । इसके बाद 12:30 बजे पट लगा दिए गए। संध्या 4:30 बजे जब पट खुले मंदिर में दर्शन करने वालों का ताता लगा हुआ था । 4:30 बजे से लेकर 8:00 बजे तक निरंतर भक्त दर्शन कर भाव भोर हो रहे थे। मुख्य कार्यक्रम रात्रि 8:00 बजे के भोग के बाद प्रारंभ हुआ। मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका एवं कोषाध्यक्ष मनोज खेतान के सानिध्य में बाबा श्याम का महास्नान कराया गया। साल में मात्र इसी दिन बाबा का रात्रि में स्नान कराया जाता है। विधि विधान से एवं मंत्रोच्चार के साथ मंदिर के आचार्य के साथ मिलकर बाबा को स्नान कराया गया । रूह इत्र से मालिश कर बेंगलुरु के गुलाब कोलकाता की तुलसीदल एवं रायपुर का ऑर्किड एवं कर्नेशन के फूलों से बाबा श्याम का दिव्य अनुपम श्रृंगार किया गया। रात्रि 8:30 बजे से भजनों का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम मंडल के सदस्यों ने गणेश जी महाराज से भजन प्रारंभ किया। सभी देवी देवताओं सहित बाबा श्याम के भजनों से दरबार में भक्तों ने हाजरी लगाई। बाबा श्याम की आरती के साथ मुख्यमंड का पर्दा खोला गया। इसके साथ ही जन्मोत्सव आरती की गई। उस वक्त भक्त अपने ठाकुर के दर्शन कर भाव विभोर हो रहे थे।

### श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

**रांची।** श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर, पुंदाग में79वां स्वतंत्रता दिवस अत्यंत उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया। कार्यक्रम की शुरूआत झंडोत्तोलन के साथ हुई, जिसे ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने संपन्न किया। झंडा फहराने के बाद राष्ट्रगान गूंज उठा और उपस्थित जनसमूह ने देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।झंडोत्तोलन के पश्चात अपने संबोधन में श्री अग्रवाल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए कहा कि देश को आजाद कराने में जिन वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी, उनका ऋण हम कभी नहीं चुका सकते। उन्होंने कहा कि आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें और देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करें। इस विशेष अवसर पर मंदिर परिसर में प्रसाद रूप में केसरिया खीर एवं विविध मिठाइयों का वितरण किया गया, जिससे उपस्थित जनसमूह में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम को और अधिक आत्मीय बनाने के लिए देशभक्ति गीतों का भी आयोजन किया गया।

## झारखंड की जनता के दिलों में बसते हैं अटल जी : बाबूलाल



**रांची।** प्रदेश भाजपा ने शनिवार को अटल जी की पुण्यतिथि मनाई गई। झारखंड विधानसभा परिसर में स्थापित अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा एवं प्रदेश कार्यालय में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी,कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू आदि ने अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी।मौके पर प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक विराट व्यक्तित्व का नाम है। मां भारती के सच्चे सपूत,कवि हृदय अटल जी झारखंड की जनता के दिलों में बसते हैं। कहा कि अटल जी ने स्वर्णिम चतुर्भुज योजना से विकसित भारत की नींव रखी वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव और शहर की दूरियां कम की। पोखरण परीक्षण से एक मजबूत भारत से दुनिया का परिचय हुआ। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का सपना साकार करने वाले भारत श्रद्धेय अटल जी ने केवल अलग राज्य का सपना साकार नहीं किया बल्कि आधुनिक भारत के निर्माण में उन्होंने क्रांतिकारी कदम उठाए। विकसित भारत ,स्वाभिमानी भारत की नींव अटल जी ने रखी । प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि अटल जी जीवन पर्यंत अजात शत्रु रहे। सभी दलों के कार्यकतार्ओं के बीच उनका वही सम्मान था जो अपने दल में था।

## फूल बाबा आश्रम में हुआ झंडारोहण



**रांची।** फूल बाबा की जयकरों के बीच बड़ा तालाब के निकट प्राचीन फुल बाबा आश्रम में ट्रस्ट द्वारा स्वाधीनता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। फूल बाबा ट्रस्ट के पूर्व सचिव विश्वनाथ नरसारिया ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी अपने संबोधन में श्री नारसरिया ने कहा कि ट्रस्ट एक एकड़ के ट्रस्ट के भूखंड का विकास करेगा ट्रस्टी अरुण कुमार बुधिया ने स्वतंत्रता भारत की स्थिति की चर्चा की हनुमान जी महाराज को लड्डू का भोग लगाया गया राष्ट्रगान गाकर सभी को लड्डू व ट्रॉफी का वितरण किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुरुष महिला व बच्चे उपस्थित रहे।

## अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी भक्तिभाव से मनी



**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव अत्यन्त उत्साह के साथ भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया। रंग बिरंगे बैलूनों की कलामक्तक व विद्युत की रंगीन लड़ियों से रोशनी बिखेर रही थी साथ ही इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु का मनमोहक श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान हनुमान जी एवम शिव परिवार का भी विषेश श्रृंगार किया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण लीला पर आधारित झांकियां भक्तों का मन मोह रही थी । मुख्य आकर्षण था रजत झूले पर मधुर मुस्कान के साथ विराजमान लड्डू गोपाल का दिव्य दर्शन, रजत झूले की कलात्मतक व सजावट को भक्तगण निहारकर धन्य हो रहे थे । रात्रि 8:30 बजे से ही भक्तों की अपार भीड़ मन्दिर पहुंचने शुरू गई तथा 9 बजे से श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारम्भ किया गया।

### रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर हुआ झंडोतोलन

# सेनानियों के दिए गए सर्वोच्च बलिदानों की याद दिलाता है स्वतंत्रता दिवस : डॉ. शरबानी रॉय

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** झारखंड सरकार द्वारा स्थापित और टेक्नो इंडिया ग्रुप द्वारा पीपीपी मोड में संचालित और प्रशासित, झारखंड के अग्रणी तकनीकी संस्थानों में से एक रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज ने भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस को बड़े उत्साह, देशभक्ति की भावना और गहरे गर्व के साथ मनाया। परिसर को तिरंगे की सजावट, देशभक्ति के बैनर और फूलों की सजावट से सजाया गया था, जिससे एकता और उत्सव का माहौल बना। समारोह की शुरुआत प्राचार्य डॉ. शरबानी रॉय द्वारा संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। जैसे ही ध्वज को शान से फहराया गया, पूरी सभा ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाया, जिससे वातावरण राष्ट्रीय गौरव और एकजुटता की भावना से भर गया। अपने प्रेरक संबोधन में डॉ. शरबानी रॉय ने सभी को भारत की स्वतंत्रता के लिए बहादुरी से लड़ने वाले अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदानों की याद दिलाई। उन्होंने आगे कहा कि सच्ची देशभक्ति सिर्फ इस दिन को मनाने में नहीं है, बल्कि पूरे वर्ष ईमानदारी, जिम्मेदारी और नवाचार के आदर्शों को जीने में है।उप-प्राचार्य डॉ. नज़मुल इस्लाम ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के सांस्कृतिक खंड में आरईसी के छात्रों की कलात्मक और देशभक्ति प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। दर्शकों ने हृदयस्पर्शी देशभक्ति गीतों, ऊर्जावान लोक और शास्त्रीय नृत्यों, भावपूर्ण भाषणों और विचारोत्तेजक नाटकों का आनंद लिया, जिनमें स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्षों और आधुनिक भारत की आकांक्षाओं को दर्शाया गया था। इस समारोह में संकाय सदस्यों में आशीष नारायण, सुगन मुंडू, पल्लब दास, कमाल अहमद, चंदन राज, संबित दास, उत्तम विश्वास, अंकिता रॉय, शिव कुमार, अमृत राज, सिकंदर कुमार, सुनीता देवी आदि उपस्थित थे ।

## जन्माष्टमी के अखंड हरि कीर्तन में शामिल हुए विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रसोईया धमना स्थित राधा कृष्ण मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन शुभारंभ हुआ. इस हरी कीर्तन में स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने शिरकत किया. हरि कीर्तन किया और क्षेत्र में सुख, समृद्धि और शांति की कामना किया. विधायक श्री यादव ने कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हमें धर्म, सत्य और प्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है. यह त्योहार अधर्म और अत्याचार के विरुद्ध धर्म व सदाचार का प्रतीक है. इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा और सद्भावना मजबूत होती है. विधायक ने कहा धार्मिक आयोजन से लोगों की आस्था और बढ़ी है। हम सभी को धार्मिक आस्था से जुड़ना चाहिए इससे दिल को शांति और सदभाव की भावना बढ़ती है। इससे आपसी सौहार्द भी बढ़ता है।

हरी कीर्तन में विधायक के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, राजकुमार यादव, पमपम कुमार, भूपेंद्र यादव सहित कई लोग मौजूद थे. जिनका आयोजन समिति ने जोरदार स्वागत किया.

## न्यूज बॉक्स

### राधा-कृष्ण रूप सज्जा में बच्चों ने बिखेरी छटा

**हजारीबाग।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर केडी चिल्ड्रेन अकादमी उच्च विद्यालय, डॉ भाभा मार्ग मुनका बगीचा में राधा-कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता हुई. इसमें नर्सरी से यूकेजी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया. रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे और विद्यालय प्रांगण राधा-कृष्णमय हो गया. नर्सरी वर्ग में प्रथम आदित्य कुमार, द्वितीय सिद्धि कुमारी, तृतीय पलक गुप्ता रहे. एलकेजी में प्रथम आराध्या गुप्ता, द्वितीय आरोही कुमारी, तृतीय पूरव कुमार और यूकेजी वर्ग में प्रथम वंश राज, द्वितीय अन्वी कुमारी, तृतीय दिशा रानी रहे.

विजेताओं को प्राचार्या मीनू गुप्ता एवं उप प्राचार्या हेमलता मिश्रा ने पुरस्कृत किया. संचालन सहायक शिक्षिका वीणा साव ने किया. कार्यक्रम में पूनम सिन्हा, आकांक्षा वर्मा, पूनम तिवारी, कुमारी लीलावती, कमला सिंह, माही गुप्ता और निर्णायक मुकेश कुमार, कल्याणी दुबे, प्रियंका कुमारी का सहयोग रहा.

### भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल ने स्वतंत्रता दिवस पर उत्साह के साथ किया गया झंडोतोलन



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी कैंट मंडल द्वारा नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में 15 अगस्त को शहर के लोहार टोला स्थित होटल अशोका के निकट उत्साह के साथ झंडोतोलन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रत्याशी सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू उपस्थित थे। उन्होंने झंडोतोलन करते हुए कहा कि आज हम सभी 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। जो गर्व और गौरव का पल है। उन्होंने कहा कि हमें जो आजादी मिली है उसके लिए अनेकों देश वासी शहीद हुए हैं इसलिए हम सभी को देश के शहीदों को नमन करते हुए आज के दिन उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लेना चाहिए। ताकि हमारा देश तेजी से प्रगति करे और लोग खुशहाल हों। मौके पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, जिला महामंत्री विजय जायसवाल, राजीव पामदत्त, शीतल सिंह, बिनोद राम, सुरजीत सिंह छाबड़ा, आलोक सिंह, राजेश ठाकुर, रॉबिन गुप्ता, सुबोध सिंह, महेश चौधरी, संतोष साहु, सुशांत पांडे, ब्रजेश पाठक, ऋषिकेश सिंह, मिथलेश मंडल, अजीत गुप्ता, अभिषेक चौधरी, सुरेंद्र शर्मा, अरविंद सिंह, संजय सिंह सिसोदिया, तरूण साव, कुणाल दास, रीता मानसाता, प्रफ्फुल त्रिपाठी, नरेश साव, अशोक छाबड़ा, रविंद्र नाथ सिंह, पारस नाथ सिंह आदि उपस्थित थे।

### बरही पश्चिमी पंचायत में मुखिया ने किया ध्वजारोहण विशेष ग्राम सभा आयोजित



**बरही ।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बरगी पश्चिमी पंचायत सचिवालय में मुखिया शमशेर आलम ने झंडोतोलन किया. इस अवसर पर कई वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव, वीएलई सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे. सबों ने राष्ट्रगान के साथ झंडे को सलामी दिया. ध्वजारोहण के बाद पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया. जिसमें उपस्थित लोगों को सौर ऊर्जा चालित संयंत्रों के प्रयोग के लिए पीएम सूर्य योजना, पीएम कुसुम योजना की जानकारी दी गई. इसके साथ ही आवारा पशुओ के प्रबंधन पर चर्चाएं हुई. जिसमे चराई/आश्रय स्थल का चुनाव करते हुए पशुपालन विभाग के साथ टैगिंग करने की जानकारी दी गई. इसके साथ ही पंचायत उन्नति सूचकांक पर भी चर्चा किया गया और लोगों को पंचायत विकास के कार्यों में सहभागिता निभाने की अपील की गई. ग्राम सभा में युवा समाजसेवी नरेश सिंह, मुखिया प्रतिनिधि असलम ऊर्फ टिंकू, वीएलई मोती सिंह इत्यादि कई लोग मौजूद थे.

### विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह का किया गया आयोजन



**रामगढ़।** 15 अगस्त 2025 को राधा गोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़ झारखंड में स्वतंत्रता दिवस समारोह सादगी पूर्ण तरीके से मनाया गया।

सर्वप्रथम सभी अतिथियों को तिलक चंदन एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया तत्पश्चात एनसीसी कैडेट्स के द्वारा स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल,परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार,प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी रानी कुमारी,मीडिया प्रभारी डॉ संजय सिंह एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने मार्च पास्ट का निरीक्षण किया। उसके बाद विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी ने ध्वजारोहण कर झंडे की सलामी दी और राष्ट्रगान गाया गया।तत्पश्चात विभिन्न विभागों के छात्रों द्वारा मार्च पास्ट ड्रम एवं बैंड की धुन पर किया।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर सभी को आजादी के 79वें स्वतंत्रता दिवस कि हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। और उन्होंने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु के निधन के कारण राधा गोविंद शिक्षण संस्थान स्वतंत्रता दिवस समारोह सादगी पूर्ण तरीके से मनाया गया और आदरणीय शिबू सोरेन को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। सचिव प्रियंका कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज मैं उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करती हूं।जिन्होंने भारत को आजाद कराने का सपना देखा और खुद के प्राण न्यौछावर कर दिये ताकि हम स्वतंत्र भारत में सांस ले सके। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ संजय सिंह ने महिला शिक्षा पर जोर डालते हुए कहा कि महिलाओं में शिक्षा की कमी देश को कमजोर बनाती है।परिवार, समाज और देश को उन्नति में महिलाएं की भूमिका महत्वपूर्ण है। शिक्षित महिलाएं ही देश समाज और परिवार में खुशहाली ला सकती है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मना स्वतंत्रता दिवस छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



**रामगढ़ ।** रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के अध्यक्ष सह परियोजना पदाधिकारी ललन कुमार राय के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इससे पूर्व भारत माता का पूजन किया गया।मंचासीन अधिकारियों का परिचय प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कराया। मुख्य अतिथि ललन कुमार राय ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए बच्चों से देश के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने मातृभूमि की आन- बान और शान के लिए सदैव तत्पर ,रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सीएसआर नोडल अधिकारी आशीष झा,खान प्रबंधक श्रवण कुमार,महाप्रबंधक उत्खनन एस के सिन्हा,वित्त प्रबंधक चंद्रभूषण,सूरज गिरि,गोपाल नायक सहित कई गणमान्य लोग एवं अभिभावक उपस्थित थे। इसके पश्चात भैया-बहनों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं जिसमे आकर्षक एवं मनमोहक नृत्य एवं देशभक्ति गीत,भाषण,योग भ्यास,डंबल,पिरामिड,चक्र शामिल रही। पूरे वातावरण में राष्ट्रप्रेम की भावना गूंज उठी।इस अवसर पर सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया बहनों को भी सम्मानित किया गया।मंच संचालन आचार्या गायत्री कुमारी के नेतृत्व में बहन आराध्य सेंगर,वर्षा कुमारी ने किया।राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम सुसंपन्न हुआ।

### विद्यार्थियों ने सहायक आचार्य परीक्षा में प्राप्त की शानदार सफलता

**हजारीबाग।** गुरु गोविंद सिंह रोड स्थित गुरुकुल कोचिंग संस्थान के अनेक विद्यार्थियों ने सहायक आचार्य परीक्षा कक्षा छह से आठ सामाजिक विज्ञान शिक्षक परीक्षा के फाइनल रिजल्ट में शानदार सफलता अर्जित की है। संस्थान के सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुकुल को बताया है। केरेडारी के पहरा गांव एवं वर्तमान में हजारीबाग खिरगांव तेली टोला निवासी सुमति कुमारी अपने गांव की प्रथम महिला जिसने नेट और पीएचडी दोनों में सफलता प्राप्त करने के पश्चात सहायक आचार्य बनने का गौरव हासिल किया है। बड़कागांव के प्रेम नगर की रीना कुमारी, बड़कागांव के चानो के द्वारिका महतो हजारीबाग के लुपुंग के श्याम मेहता, संजू कुमारी,प्रेमलता, अमीत सिंह, पुष्पा कुमारी सुरभि कुमारी एवं अन्य विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर ग्रामीण प्रतिभा का लोहा मनवाया है। गुरुकुल के निदेशक जेपी जैन ने कहा कि सफल विद्यार्थियों से अन्य प्रतियोगी विद्यार्थियों को प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए तथा कठिन परिश्रम कर सफलता के पथ पर अग्रसर होना चाहिए। गुरुकुल की प्रबंध निदेशिका शिप्रा जैन ने कहा कि सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूची में अधिकांश विवाहित महिलाएं हैं।

### आन बान और शान से जिले में मनाया गया 79 वां स्वतंत्रता दिवस

# 15 अगस्त का दिन भारतीय इतिहास का एक स्वर्णिम दिवस है : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** देश की आजादी के 78 वर्ष पूर्ण होने एवं 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने जिले के सिद्धू कान्हू मैदान में सभी जिले वासियों को शुभकामनाएं दी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपायुक्त ने अपने आवासीय कार्यालय में झंडा फहराया जिसके उपरांत उन्होंने सिद्धू- कान्हू मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में हिस्सा लिया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने परेड का निरीक्षण किया जिसके उपरांत उपायुक्त ने झंडा फहराया किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि 15 अगस्त का दिन भारतीय इतिहास में एक स्वर्णिम दिवस है। वर्ष 1947 में इसी दिन हमें ब्रिटिश शासनकाल से मुक्ति मिली थी। इस अवसर पर उन हजारों स्वतंत्रता सैनानियो को श्रद्धांजली अर्पित करते हैं, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता की खातिर हंसते-हंसते अपना बलिदान दे दिया। ऐसे वीर शहीदों को देश शत-शत नमन करता है। आज का भारत विकास के सभी मानकों पर खरा उतरते हुए वैश्विक पटल पर विकास के नये अयाम को गढ़ रहा है। आज विश्व के सभी देश विकसित हो रहे भारत का लोहा मान रहे है। हमारा रामगढ़ जिला भी विकास के इस पुनीत कार्य में कदम से कदम मिलकार उत्तरोतर विकास की ओर अग्रसर है। सरकार की नितियों एवं इसका क्रियान्वयन तथा जनता के सकारात्मक सहयोग से इस जिले में भी अनेकों विकास के कार्य किये जा रहे है। रामगढ़ जिला प्रशासन द्वारा एक नई पहल करते हुए आमजनों को आपदा मित्र के तहत् प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अभी तक लगभग रामगढ़ जिला में 1 लाख लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके तहत मुख्य रूप से सीपीआर, चेकिंग, ब्लीडिंग, बर्न, फैक्चर, वजपात, डूबने, सदमा लगने, साँप का काटना एवं दुर्घटना इत्यादि का मुख्य रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उसका मुख्य उद्देश्य है कि दुर्घटना के समय गोल्डन आवर में व्यक्ति को अविलंब प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

### विद्यालय में दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि

**हजारीबाग।** प्रतिनिधि यदुनाथ बालिका उच्च विद्यालय में गुरुवार को झारखंड राज्य के संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री एवं जननायक शिबू सोरेन की स्मृति में शोकसभा आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमेधा बनर्जी, स्वाति कुमारी, मौमिता मल्लिक, शंपा चटर्जी, डालिया सेनगुप्ता, पल्लवी चक्रवर्ती, रोमा रॉय, पायल मुखर्जी, जिता चटर्जी, मिताली दे, सौभिक भट्टाचार्य, मुकेश कुमार एवं सभी छात्राओं ने उनके चित्रपट पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने एक मिनट का मौन रखकर उनके संघर्षपूर्ण जीवन, समाज सुधार के प्रयासों और झारखंड के विकास में दिए गए उनके अप्रतिम योगदान को याद किया। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर उनके आदर्शों और मूल्यों को अपनाने का संकल्प भी लिया गया।

### घर जाकर प्रशासन ने किया कृतज्ञता ज्ञापन

# स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही ।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अनुमंडल प्रशासन ने आजादी की लड़ाई में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानी की विधवाओं को सम्मानित किया गया. यह सम्मान एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल और डीसीएलआर अजय भगत ने उनके घर जाकर संयुक्त रूप से दिया. इस अवसर पर अधिकारियों ने बरसोत स्थित स्वतंत्रता सेनानी के विधवा कलावती देवी और बेला देवी से मुलाकात किया. उनका हाल चाल जाना और शॉल, मोमेंटो, फल मिठाई आदि देकर सम्मानित किया. एसडीओ श्री टुडू ने बताया कि यह देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण जिम्मेवारी निभाने वाले दिवंगत क्रांतिकारी के सम्मान में उनकी पत्नियों को दिया गया है. जो प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिया जाता है.

### एंटी रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हजारीबाग।** अन्नदा कॉलेज के एंटी रैगिंग सेल के तत्वावधान में कॉलेज परिसर में एंटी रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम किया गया. इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में रैगिंग के विरुद्ध जागरूकता फैलाना तथा सुरक्षित एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना था. अध्यक्षता प्राचार्य डॉ नीलमणि मुखर्जी ने की. मुख्य वक्ता डॉ प्रेरणा शर्मा ने रैगिंग की कानूनी परिभाषा, इससे होने वाले मानसिक एवं शारीरिक नुकसान तथा रैगिंग से संबंधित कानूनों एवं दंड का उल्लेख किया. कहा कि रैगिंग एक दंडनीय अपराध है तथा कॉलेज परिसर में किसी भी प्रकार की रैगिंग बर्दाश्त नहीं की जायेगी. एंटी रैगिंग सेल के संयोजक डॉ नौशाद अनवर ने छात्रों से कहा कि किसी भी प्रकार की रैगिंग की घटना होने पर तुरंत इसकी सूचना कॉलेज प्रशासन को दें. कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एंटी रैगिंग शपथ ली. रैगिंग मुक्त, मित्रवत एवं सहिष्णु माहौल बनाये रखने का संकल्प दिलाया गया. मौके पर डॉ अजीत श्रीवास्तव, प्रो मृत्युंजय कुमार वर्मा, डॉ विश्वजीत धर, दीप्ति रश्मि, अनिकेत, मृत्युंजय पाठक समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

**आजादी का जश्न** | 79वें जश्न -ए-आजादी पर मां भारती व अमर शहीदों को याद कर तिरंगे को दी सलामी

# उत्कृष्ट कार्य करनेवाले को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



बरही । आजादी के 79वें वार्षिकोत्सव के मौके पर प्रखंड के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में शान से तिरंगे का ध्वजारोहण कर सलामी दी गई. कार्यक्रम के शुरुआत एसडीओ जोहन टुडू ने अपने आवासीय व कार्यालय में ध्वजारोहण किया. उसके बाद एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, अवर निबंधन कार्यालय में प्रभारी रजिस्ट्रार सह एसडीओ श्री टुडू, बार एसोसिएशन में सचिव राजकुमार लाल, थाना में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, अनुमंडलीय अस्पताल में उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी, इंस्पेक्टर बंगला में सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, बरही चौक पर विधायक, प्रखंड कार्यालय में प्रमुख मनोज रजक, राजकीय पशु प्रक्षेत्र गौरियाकरमा में प्रबंधक डॉ संजीव कुमार ने तिरंगे का ध्वजारोहण किया. कार्यक्रम का समापन स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रखंड मैदान में झंडा तोलन के साथ किया. थाना के सशस्त्र बल व उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्र ध्वज को सलामी देते हुए राष्ट्रगान गान गाकर अखंड भारत को नमन किया व मां भारती को आजादी दिलानेवाले अमर शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि दी. प्रखंड मैदान में उपस्थित जनसमूह को 79वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दिया. उन्होंने खेद जताते हुए कहा कि बरही गंदगी व जाम के रूप में कलंकित हो चुका है. जिसे हटाने व बरही को स्वच्छ व विकसित बनाने के लिए आम लोगों को निष्ठित व समर्पित भाव से प्रशासन को सहयोग और जहां तहां कूड़ा नही फेंकने का आग्रह किया. उन्होंने जर्जर हुए एपीजे अब्दुल कलाम पार्क के सुंदरीकरण और अनुमंडलीय अस्पताल में एम्बुलेंस की व्यवस्था करवाने को घोषणा किया. अंत में उन्होंने लोगो से स्वस्थ्य व स्वच्छ बरही बनाने के लिए आम लोगों से प्रशासन को सहयोग करने की अपील किया. प्रखंड मैदान में प्लस टू उच्च विद्यालय बरही, भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, नवोय स्कूल आदि विभिन्न विद्यालयों की झांकियों में नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों छात्राओं ने अपनी सतरंगी छटा बिखेरने का काम किया. विधायक सहित उपस्थित जनसमूह व अधिकारी इनके एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देखकर तालियां बजाने के लिए मजबूर थे.

**शैक्षणिक व गैर सरकारी संस्थानों ने भी ससम्मान लहराया तिरंगा :** 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बरही के विभिन्न शैक्षणिक व गैर सरकारी संस्थानों में अदब से तिरंगा फहराया गया. मध्य विद्यालय बरही में प्रधानाध्यापिका पूनम सिन्हा, \आईलेक्स पब्लिक स्कूल में निदेशक डॉ शैलेश कुमार, श्रीदस स्कूल में प्राचार्य के कुमार, भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सचिव नागेंद्र साहू, डॉ बी आर अम्बेदकर पब्लिक स्कूल मलकोको प्राचार्य गुलाब दास, रेनबो स्कूल गड़लाही में निदेशक सिकंदर कुशवाहा, ग्राम पंचायत गौरियाकरमा में मुखिया कुमारी मीरा, ग्राम पंचायत विजैया में मुखिया मकीना खातून, कोल्हुआ कला पंचायत सचिवालय में मुखिया मंगलदेव यादव, भंडारों पंचायत में मुखिया रीना देवी, एजीएमसीएम नर्सिंग होम में निदेशक डॉ मो इबरार, बरही हाउस में कांग्रेसी नेता अरुण साहू ने झंडोतोलन किया.

### बाल मंडली मित्र हुए सम्मानित

अंत में विधायक श्री यादव, एसडीओ श्री टुडू, एसडीपीओ श्री बिमल, डीएस, डॉ ज्ञानी, डीसीएलआर अजय भगत सहित बीडीओ जयपाल महतो, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार आदि ने स्वतंत्रता सेनानी, झारखंड आंदोलनकारी, खिलाड़ी व आपदा काल में प्रशासन को सहयोग करने वाले बाल मंडली मित्र गोताखोर, एंबुलेंस चालक, क्रेन सर्विस देने वाले समाज के सारथी को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र व शॉल देकर सम्मानित करने का काम किया.

# परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में गूंजे देशभक्ति का स्वर

- उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने परेड का किया निरीक्षण
- वीर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि, स्वतंत्रता को बताया सतत जिम्मेदारी
- आकांक्षी जिला कार्यक्रम में सिमडेगा को राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान, मिला 3 करोड़ का पुरस्कार



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित हुआ, जहां उपायुक्त कंचन सिंह ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इससे पूर्व उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने परेड का निरीक्षण किया।उपायुक्त ने जिलेवासियों को शुभकामनाएं देते हुए स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों, भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हो, तिलका मांझी, फूलो-झानो, जतरा टाना भगत सहित झारखंड के महान बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता हमें मिली धरोहर नहीं, बल्कि सतत जिम्मेदारी है।उपायुक्त ने विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम में सिमडेगा ने राष्ट्रीय स्तर पर बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर में द्वितीय स्थान पाकर तीन करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि हासिल की है। नीति आयोग के संपूर्णता अभियान में जिला एवं बांसजोर प्रखंड को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। मनरेगा, बिरसा हरित ग्राम, सिंचाई कूप, पशुधन विकास और दीदी बाड़ी जैसी योजनाओं से गांवों में रोजगार व पोषण को बढ़ावा मिला है। आवास योजनाओं के तहत 17,999 आवास स्वीकृत हुए।उन्होंने कहा कि जिले में 83 हजार से अधिक महिलाओं को पलाश के माध्यम से सशक्त किया गया है। फूलो-झानो आशीर्वाद योजना के तहत 3,675 महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार मिला है। शिक्षा के क्षेत्र में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, आदर्श विद्यालय और छात्रवृत्तियों से बच्चों को लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं में सिमडेगा सदर अस्पताल सहित तीन संस्थानों को NQAS प्रमाणन मिला है। आंगनबाड़ी, किशोरी समृद्धि, पेंशन योजनाएं और पोषण अभियान से समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ पहुंचा है।पर्यटन, हॉकी और खेल के क्षेत्र में सिमडेगा ने विशेष पहचान बनाई है। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का निर्माण पूर्ण हुआ है और कई प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माणाधीन हैं।समारोह में पुलिस बल, एनसीसी, होमगार्ड, स्काउट और विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति उर्सुलाईन कॉन्वेंट की छात्राओं ने की।मुख्य मंच पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा, विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, विधायक भूषण बाड़ा, उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे स्टेडियम में बच्चों और जनता की उपस्थिति से कार्यक्रम भव्य और ऐतिहासिक बना।



## पुलिस केन्द्र सिमडेगा में ध्वजारोहण और परेड

**सिमडेगा।** पुलिस केन्द्र सिमडेगा में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परेड का आयोजन हुआ, जिसमें पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट्स और विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने परेड का निरीक्षण कर ध्वजारोहण किया और तिरंगे को सलामी दी।पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों एवं पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि सिमडेगा पुलिस अपराध नियंत्रण, उग्रवाद रोकथाम, मानव तस्करी एवं साइबर अपराध की रोकथाम के लिए लगातार प्रयासरत है। वर्ष 2024 से अब तक 228 गिरफ्तारियां की गईं। साइबर सेल द्वारा अब तक 17.15 लाख रिकवर कर पीड़ितों को लौटाए गए हैं।मानव तस्करी रोकथाम के लिए रेस्क्यू, गिरफ्तारी और जन-जागरूकता तीनों स्तर पर कार्रवाई हो रही है। अनुसंधान की गुणवत्ता सुधार हेतु पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी थानों में कम्यूनिटी पुलिस अधिकारी नियुक्त कर गांवों व स्कूलों में मानव तस्करी, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा, डायन प्रथा और महिला सुरक्षा पर अभियान चलाए जा रहे हैं।पुलिस आपके द्वार" संकल्पना के तहत अब तक 573 शिकायतों में 564 का समाधान हुआ है। थाना दिवस के जरिए भूमि विवाद सुलझाए जा रहे हैं। पासपोर्ट सत्यापन में सिमडेगा जिला राज्य में अव्वल रहा है। वर्ष 2024 से अब तक 580 मोबाइल फोन बरामद कर लौटाए गए हैं।नशीले पदार्थों के विरुद्ध अभियान में इस वर्ष 300 किलो से अधिक गांजा व अन्य ड्रग्स जब्त कर 25 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। हाल ही में पुलिस मैन ऑफ द वीक पुरस्कार की शुरुआत की गई है। यातायात प्रबंधन हेतु 20 मोटरसाइकिल और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मोटरसाइकिल एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई है।कार्यक्रम में उपायुक्त कंचन सिंह, न्यायाधीश, विधायकगण एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में उर्सलाईन कॉन्वेंट स्कूल की बच्चियों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। उत्कृष्ट परेड व बेहतरीन पुलिसिंग के लिए कई पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया।



## 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम मनाया गया, सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे स्थगित

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायतों और शैक्षणिक संस्थानों में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हर जगह राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर उसे सलामी दी गई। हालांकि झारखंड आंदोलन के प्रणेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के कारण कहीं भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए गए।मुख्य समारोह कोलेबिरा स्टेडियम में आयोजित हुआ, जहां प्रखंड प्रमुख दूतमी हेमरोम ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। मौके पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। सामूहिक मार्चपास्ट में जवाहर नवोदय विद्यालय कोलेबिरा के एनसीसी कैडेट, सुशील कुमार बागे महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट, प्लस टू उच्च विद्यालय कोलेबिरा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, डॉन बॉस्को इंग्लिश मीडियम, सेंट जॉन इंग्लिश मीडियम एवं उत्क्रमित कन्या उच्च विद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। इसके अलावा प्रखंड के विभिन्न संस्थानों एवं पंचायत सचिवालयों में भी झंडोत्तोलन किया गया। पंचायत सचिवालय कोलेबिरा में मुखिया अंजना लकड़ा, नवा टोली पंचायत में मुखिया कल्पना देवी, डॉमटोली पंचायत में मुखिया अनीता जड़िया, डॉन बॉस्को विद्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो, प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रमुख दूतमी हेमरोम, रण बहादुर सिंह चौक में बलदेव सिंह, भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष अशोक इंद्वार, टूटीकेल पंचायत सचिवालय में मुखिया सुशीला डांग, आइडेगा पंचायत सचिवालय में मुखिया जिरेन डांग तथा संत जेवियर उच्च विद्यालय बरवाडीह में विद्यालय प्रधान ने तिरंगा फहराया।

## ध्वजारोहण कर कांग्रेस नेता सामरोम ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**बांसजोर।** जिला परिषद सदस्य सह कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष एवं पीसीसी डेलिगेट्स श्री सामरोम पौल तोपनो ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बांसजोर प्रखंड में कई संस्थानों में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। उन्होंने सर्वप्रथम संत फ्रांसिस हाई स्कूल भुकुमुंडा एवं झारखंड ग्रामीण बैंक प्रांगण में ध्वजारोहण किया। इसके बाद एकलव्य विद्यालय बांसजोर, नए एवं पुराने बांसजोर ओपी, एसएस+2 हाई स्कूल तथा झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय बांसजोर के कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए।इस दौरान श्री तोपनो ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा देता है।अपने संबोधन में श्री तोपनो ने विशेष रूप से विद्यार्थियों से नशा-पान से दूर रहने, अनुशासन में रहने और अपने शिक्षकों का सम्मान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह साधन है, जिसके माध्यम से युवा अपने परिवार, समाज, राज्य और देश का नाम रौशन कर सकते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर है और यदि वे सच्चाई, मेहनत और समर्पण के मार्ग पर चलते हैं तो निश्चित ही राष्ट्र का स्वर्णिम भविष्य सुनिश्चित होगा।

## न्यूज बॉक्स

### 26वां वीर शहीद थॉमस सोरेंग अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन, एस ए ब्रदर्स

**सिमडेगा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एक्का स्टेडियम में 26वां वीर शहीद थॉमस सोरेंग अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ। मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत राजेश कुमार सिंह, अध्यक्ष अमित डुंगडुंग एवं सचिव मोनू बड़ाईक ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया।फाइनल मुकाबले में जय दुर्गा फुटबॉल क्लब, उड़ीसा और एस ए ब्रदर्स, सबडेगा (उड़ीसा) आमने-सामने हुईं। रोमांचक खेल में एस ए ब्रदर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जय दुर्गा क्लब को 2-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया तथा अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन सिमडेगा को खेल की दुनिया में अलग पहचान दिला रहे हैं।पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता टीम को 2 लाख नगद राशि एवं स्वर्ण पदक, जबकि उपविजेता टीम को 1.5 लाख नगद राशि एवं रजत पदक प्रदान किए गए।टूर्नामेंट की सफलता में आयोजक मंडल के राजेश कुमार सिंह, अमित डुंगडुंग, अजीत नवरंगी, रिंकू अग्रवाल, प्रताप बड़ा, कमल शर्मा, विकास बेसरा, अभिषेक कुमार, शंभू केशरी, शम्मीउल्लाह, संदीप मिंज, कुलदीप किंडो, विकास साहू, कंचन कबीर, डेनियल मिंज, निषित टोप्पो, कृष्णा बड़ाईक, शीतल, मुख्तार खलीफा, सिंहासन डुंगडुंग और मीडिया प्रभारी सुभाष महतो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।मैच संचालन में रेफरी राजकुमार पाणिग्रही (टाटा लौहनगरी), सूचित टोप्पो (राउरकेला) और राकेश किस्कू (जमशेदपुर) शामिल रहे। वहीं मेडिकल टीम में विवेक कुमार और हेमलता कुमारी की सक्रिय भूमिका रही।फाइनल मुकाबले और पुरस्कार वितरण को देखने के लिए हजारों दर्शकों की भीड़ स्टेडियम में उमड़ी और तालियों की गड़गड़ाहट से स्टेडियम गूंज उठा।

### स्वतंत्रता दिवस पर फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन, राइजिंग स्टार बानो बनी विजेता



**बानो।** प्रखंड में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा खेल समिति के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन देशभक्ति और उत्साह के माहौल में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया, विशिष्ट अतिथि उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी मौजूद रहे।समिति के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया और विधायक ने फुटबॉल को कीक मारकर फाइनल मुकाबले का शुभारंभ किया। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रेड डेविल्स बानो और राइजिंग स्टार बानो फाइनल में पहुँचीं। रोमांचक मुकाबले में राइजिंग स्टार बानो ने रेड डेविल्स को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया।विजेता टीम को 1,50,000 और उपविजेता को 1,00,000 की पुरस्कार राशि दी गई। अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और भाईचारे के महत्व पर प्रेरक संबोधन दिया। विधायक गुड़िया ने कहा कि खेल समाज में एकता और प्रेम को बढ़ावा देता है। उपायुक्त कंचन सिंह ने खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने का अवसर देने के लिए ऐसे आयोजनों की सराहना की, वहीं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने खेल में करियर की असीम संभावनाओं पर बल दिया। इस दौरान बानो प्रखंड विकास पदाधिकारी को बेहतर कार्य हेतु बानो रत्न से संबंधित स्मृति चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया । टूर्नामेंट की सफलता में समिति अध्यक्ष संतोष साहू, उपाध्यक्ष अमुस कंडुलना, सचिव प्रमोद भुइंया, उप सचिव रवि नायक, कोषाध्यक्ष नीरज साहू सहित संरक्षकों एवं सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे, जिन्होंने जीत का जश्न उल्लासपूर्वक मनाया।

## किनकेल की मिट्टी में बसी है पसीना, मेहनत, संघर्ष और जीत की सुगंध : विधायक भूषण बाड़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केरसई प्रखंड के किनकेल की पावन धरती पर हॉकी प्रतियोगिता की स्वर्ण जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। प्रतियोगिता ने अपने 50 वर्ष पूरे किए और इस मौके पर हजारों दर्शकों की मौजूदगी में रोमांचक फाइनल मैच खेला गया, जिसमें सिमडेगा कॉलेज ने खरवाटोली को 2-1 से हराकर जीत दर्ज की।मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक भूषण बाड़ा का भव्य स्वागत फूल-मालाओं और शॉल ओढ़ाकर किया गया। उन्होंने कहा कि किनकेल केवल गाँव नहीं, बल्कि हॉकी की नर्सरी है। यहाँ की मिट्टी में पसीना, मेहनत और संघर्ष की सुगंध है, जिसने अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएँ और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।विधायक ने कहा कि खेल केवल जीत-हार नहीं, बल्कि अनुशासन और आत्मविश्वास की पाठशाला है। 50 वर्ष पूर्व सीमित संसाधनों से शुरू हुई प्रतियोगिता आज प्रेरणा की मिसाल बन चुकी है। उन्होंने वरिष्ठ खिलाड़ियों व आयोजकों को सम्मानित किया और कहा कि किनकेल की पहचान हॉकी से है, जिसे आने वाले सौ वर्षों तक कायम रखना उनकी जिम्मेदारी है। मैदान में उत्साह चरम पर था। ढोल-नगाड़ों की गूंज, तिरंगे में रंगे चेहरे और दर्शकों की जयकार से माहौल देशभक्ति से सराबोर था। हर गोल और पास पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंज रही थी।कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि आकाश सिंह, निरोज बड़ा, पादरी भेंगरा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। अंत में विधायक ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं और युवाओं से खेलों में अपनी ऊर्जा लगाकर किनकेल की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

### हॉकी सिमडेगा की पहचान, ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा पूरा मंच : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर केरसई में हॉकी मैच का आयोजन किया गया। प्रतियोगता का फ़ाइनल मुकाबला कुरडेग खरवाटोली और केरसई चारोटोली के बीच खेला गया। जिसमें केरसई चारोटोली ने 2-1 से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा अपनी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ शामिल हुए । ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से दोनों का जोरदार स्वागत किया। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि हॉकी सिमडेगा की शान और पहचान है। यहां की मिट्टी से निकली कई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा, आधुनिक प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने युवाओं से खेल में अनुशासन, मेहनत और समर्पण को अपनाने की अपील की।मौके पर उपस्थित जिप जोसिमा खाखा ने कहा कि केरसई और पूरे क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए विधायक द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं।मौके पर जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा, विधायक प्रतिनिधि आकाश सिंह, निरोज बड़ा, लखन गुप्ता, अंचलाधिकारी देवकांत सिंह, थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।



## विधायक के प्रयासों से सिमडेगा में खेलों का हो रहा है विकास : जोसिमा खाखा

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकरटांड।** पाकरटांड के खंजालोया में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ज़िला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सिमडेगा की धरती खेलों की प्रतिभाओं से भरी पड़ी है। खासकर हॉकी में यहाँ के खिलाड़ियों ने देश-दुनिया में नाम रोशन किया है। उन्होंने विधायक भूषण बाड़ा के खेल प्रेम और प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके निरंतर प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के बुनियादी ढांचे में सुधार हो रहा है और युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। जोसिमा खाखा ने कहा कि खेल केवल जीत-हार का नाम नहीं है। यह अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास सिखाता है। विधायक भूषण बाड़ा लगातार यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि गांव-गांव में खेल मैदान विकसित हों। खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और उपकरण मिलें। ताकि आने वाले समय में सिमडेगा फिर से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हॉकी का गढ़ बन सके। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रहें और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें। प्रतियोगिता में डोभापानी और कोबांग के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। जिसमें डोभापानी ने 1-0 से जीत दर्ज की। मौके पर पल्ली पुरोहित फा रंजित डुंगडुंग, सजदा ख़ातून, उर्मिला केरकेट्टा, प्रतिमा कुजुर, शोभेंन, अंजलि रानी, जूली, तारसीला खड़िया, जोसेफ़, माइकल खड़िया, समीर टेटे समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## बानो जंगल में हाथी ने युवक को कुचला, मौत

**बानो।** प्रखंड के बांकी पंचायत अंतर्गत पहानटोली जंगल में शुक्रवार रात्रि हाथी के हमले में एक युवक की मौत हो गई। घटना लगभग रात 8 बजे की है।जानकारी के अनुसार जलडेगा प्रखंड के पतिआंबा निवासी एतवा बागे अपने जीजाजी बुड़कु बागे के घर मेहमान बनकर पहानटोली आया था। रात में अचानक हाथी गांव में घुस आया। हाथी के डर से ग्रामीण इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान हाथी ने एतवा बागे को पकड़कर कुचल डाला, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।ग्रामीणों ने रात्रि लगभग 10 बजे घटना की सूचना जिला परिषद सदस्य सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कंडुलना और बांकी पंचायत के मुखिया अजय डांग को दी। इसके बाद जिला परिषद सदस्य ने वन विभाग, थाना प्रभारी और प्रखंड प्रशासन को जानकारी दी।

**15 अगस्त 2025** हिलव्यू पब्लिक स्कूल सिमडेगा में देशभक्ति की अनूठी छटा

# 79वां स्वतंत्रता दिवस उत्सव, नन्हें बच्चों ने जीता सबका दिल

- राष्ट्रगान की सामूहिक प्रस्तुति से गूंजा विद्यालय परिसर

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** 15 अगस्त 2025, भारत की स्वतंत्रता का 79वां वर्षगांठ हिलव्यू पब्लिक स्कूल सिमडेगा में हर्षोल्लास और देशभक्ति की उमंग के साथ मनाया गया। प्रातः से ही विद्यालय परिसर तिरंगे की छटा से आलोकित था तथा वातावरण देशभक्ति गीतों से गूंज रहा था। मुख्य अतिथि जितेंद्र अशोक (प्रेसिडेंट, हिलव्यू पब्लिक स्कूल) ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात राष्ट्रगान की सामूहिक गूंज ने उपस्थित सभी जनों के हृदय में देशप्रेम का संचार कर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम मिलिंद ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने, अनुशासन का पालन करने और राष्ट्रहित में कार्य करने का संदेश दिया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत नन्हे-मुन्ने बच्चों की आकर्षक फैंसी ड्रेस प्रस्तुति से हुई, जिसमें उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रीय प्रतीकों का जीवंत रूप धारण कर सबका मन मोह लिया। इसके बाद देशभक्ति गीत, नृत्य और विविध प्रस्तुतियों की श्रृंखला ने समां बांध दिया। प्रत्येक प्रस्तुति में त्याग, साहस और एकता की झलक स्पष्ट दिखाई दी।समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह दिवस विद्यालय परिवार के लिए गौरव, कृतज्ञता और देशभक्ति की भावना से सराबोर अविस्मरणीय स्मृति बन गया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में शान से लहराया तिरंगा

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के संरक्षक पुरुषोत्तम अग्रवाल ने विद्यालय परिसर में भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया।झंडोत्तोलन के पश्चात श्री अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रभक्ति एवं देशभक्ति की महत्ता बताते हुए कहा कि देशभक्ति सर्वश्रेष्ठ गुण है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नाटक और शानदार नृत्य प्रस्तुत कर छात्र-छात्राओं ने उपस्थित अभिभावकों एवं शहर के गणमान्यजनों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के दौरान झारखंड माध्यमिक परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के टॉप-10 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से मैट्रिक परीक्षा में जिला टॉपर बनने वाले भारती कुमारी, सुमंत सिंह एवं अनुज कुमार साहू को विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से सम्मान प्रदान किया गया।प्रातः जिला प्रशासन द्वारा आयोजित प्रभात फेरी तथा शहर के परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में भी विद्यालय के परेड दल ने शानदार उपस्थिति दर्ज की।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, शहर के अनेक गणमान्यजन, छात्र-छात्राएं एवं हजारों अभिभावक उपस्थित थे।



# बरकट्ठा में तिरंगे के ध्वजारोहण के बाद गूंजे देश भक्ति गीत

नवीन मेल संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड के सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों एवं राजनीतिक दलों के कार्यालय में शान से तिरंगा फहराया गया। इस क्रम में स्वतंत्रता दिवस पर शिक्षण संस्थानों में झंडोत्तोलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख रेणू देवी, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बरकट्ठा में बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, डिवाइन पब्लिक स्कूल गंगपांचो एवं मान सरोवर पब्लिक स्कूल घंघरी में विधायक अमित कुमार यादव ने झंडोत्तोलन किया। बरकट्ठा थाना में थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ रत्ना रानी कुंज, गोरहर थाना में प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, विधायक आवासीय कार्यालय में मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साव, छोटानागपुर उच्च विद्यालय बेडोकला में विधायक अमित कुमार यादव, उत्क्रमित कन्या उवि बेलकप्पी में संजय कुमार दास, प्लस टू हाई स्कूल बरकट्ठा में प्राचार्य रविंद्र कुमार पांडेय, मध्य विद्यालय बरकट्ठा में राम किशुन महतो, एसपीए गुरुकुल स्कूल गोरहर में कार्तिक करण देव, द डिस्सिपल पब्लिक स्कूल बंडासिंगा में ललिता देवी, विजन वर्ल्ड स्कूल घंघरी में प्रेम गुप्ता, बरकट्ठा उत्तरी पंचायत भवन में मुखिया प्रमिला देवी, दक्षिणी में अब्बास अंसारी, चेचकप्पी में रीता देवी, तुईयो में शंकर रविदास समेत कई सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थानों में झंडोत्तोलन किया गया। इस दौरान कई संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए तथा भक्ति गीतों से वातावरण गुंजायमान रहा ।

# सेक्टर 8 के जर्जर पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से रूट डायवर्ट

नवीन मेल संवाददाता

सेक्टर 8 का जर्जर पुलिया के टूट जाने से छठव्रति उस रास्ते से जाने को लेकर चिंतित हैं। क्योंकि उस पुल के माध्यम से सेक्टर 8 से सेक्टर 4 व सेक्टर 6 जाने का एकमात्र रास्ता है। जबकि अन्य रास्ता थोड़ी दूर हो जाने से लोग इसी पुल की सहायता से कम समय में सेक्टर 4 एफ होते हुए सेक्टर 6 तक जा पाते थे। लेकिन अचानक उस जर्जर पुल के बीच में ही क्षतिग्रस्त होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बांस के सहारे बंद कर दिया गया है। लोगों को अब सेक्टर 4 एफ सूर्य सरोवर छठ घाट जाने के लिए सेक्टर 11 या काली बाड़ी मोड़ होते हुए जाना पड़ेगा। सेक्टर 8 के इस पुल के माध्यम से बीआईएसएस 8 बी स्कूल के छात्र-छात्राएं समेत उनके अभिभावक भी इसी के सहारे कम समय में स्कूल पहुंचते। इस जर्जर पुलिया के टूट जाने के बाद अब छठ व्रत करने वाले परिवार के लोग व स्वयंसेवी संस्था की ओर से इस टूटे हुए पुल को मरम्मत कर आने जाने के लिए रास्ता बनाने की तैयारी कर रहे हैं। जिससे अगर रविवार तक पुलिया का मरम्मत कर दिया जाता है तो अब छठव्रति उसी पुल से सेक्टर 4 एफ सूर्य सरोवर छठ घाट तक आसानी से आ जा सकेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### मेरमगड्डा मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल



बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के जीटी रोड स्थित मेरमगड्डा मोड के समीप शुक्रवार शाम को मेरमगड्डा के तीन युवक मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इस दौरान मोड़ के पास एक उपचालक के द्वारा रोड क्रॉस किया जा रहा था जिसे बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई इससे उपचालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई । मृतक की पहचान राजन अंसारी पिता सादिक अंसारी उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई है। वहीं घायलों में नौशाद अंसारी पिता बशीर मियां, शहजाद अंसारी पिता शमसुद्दीन अंसारी के अलावे ट्रक उपचालक घायल हो गए जिनका नाम पता नहीं चल पाया । तत्पश्चात सभी घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए हजारीबाग भेजा गया जिसमें शहजाद अंसारी की स्थिति अत्यंत नाजुक होने के कारण रांची रेफर किया गया ।

### हजारीबाग में पेट्रोल पंप मैनेजर से 2.80 लाख की लूट

**हजारीबाग।** हजीरीबाग में अपराधियों ने पेट्रोल पंप मैनेजर पर हमला कर करीब 2.80 लाख रुपये लूट लिए। यह घटना शहर के खिरगांव स्थित आरआर पेट्रोल पंप के मैनेजर अवधेश कुमार के साथ हुई। अवधेश कुमार दिन भर का कलेक्शन लेकर बैंक की छुट्टी होने के कारण रुपये पेट्रोल पंप के मालिक के घर इमली कोठी चौक ले जा रहे थे। तभी नमस्कार चौक के पास अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया। अपराधियों ने उन पर फायरिंग की, जिससे वे अपनी बाइक से गिर गए और उनके हाथ में चोट आई। इसी दौरान अपराधी रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना को अंजाम देने से पहले अपराधियों ने मैनेजर की रेकी की थी।पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने भी बताया कि पिछले कुछ दिनों से कुछ संदिग्ध लोग पंप के आसपास घूम रहे थे। घायल मैनेजर अवधेश कुमार को तुरंत शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास और पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है, ताकि अपराधियों और उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए वाहन का पता लगाया जा सके।

### जंगल से फुटका उठाने गए युवक को हाथियों ने कुचला,घटनास्थल पर हुई मौत

**बरकट्ठा।** चलकुशा थाना क्षेत्र के मनैया पंचायत अंतर्गत ग्राम बनगांवा जंगल में हाथियों के झुंड ने एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार की सुबह जंगल से फूटका उठाने गए बनगांवा निवासी सरयू साव 55 वर्ष, पिता खागो साव को हाथियों के झुंड ने कुचल डाला जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी वन विभाग टीम को मिलते ही स्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को 50हजार का मुआवजा दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा चार लाख का मुआवजा जल्द मिलेगा।वहीं मृतक के परिजनों को रोरोकर बुरा हाल है। घटना की सुचना मिलते ही प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी, मुखिया लखिया देवी ,केदार यादव ने पीड़ित परिवार से मिल कर हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया। लोगों के मुताबिक चार हाथियों का झुंड बनगांवा जंगल में डेरा डाले हुए है। वन विभाग की टीम में संटू कुमार, सिकंदर कुमार समेत अन्य लोगों ने ग्रामीणों को अभी जंगल नहीं जाने की अपील की है। घटनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### कतरास कोयलांचल में शान से लहराया तिरंगा झंडा

**कतरास।** कतरास कोयलांचल में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन शुक्रवार को सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों व संस्थानों में शान से तिरंगा झंडा फराहया गया। मौके पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया एवं प्रभात फेरी निकाली गयी। डीएवी प्लस टू उच्च विद्यालय में अध्यक्ष सह सांसद ढुलू महतो, आर्य व्यायामशाला में ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कुमार झा, सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह में अध्यक्ष प्रदीप खेमका, होली मदर्स एकेडमी में विद्यालय के एग्जीक्यूटिव चेयरपर्सन विजया राय, किड्स केयर रानीबाजार में प्राचार्य दिलीप कुमार वर्मा, डीपीएस पब्लिक स्कूल कतरास में प्राचार्या एम गुप्ता, डीएवी महिला महाविद्यालय में सुषमा चतुर्वेदी ने झंडोत्तोलन किया। जबकि एसडीपीओ बाघमारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय सिजुआ में डीएसपी पुरूषोत्तम कुमार सिंह, कतरास थाना में प्रभारी असित कुमार सिंह, रामकनाली ओपी में प्रभारी संतोष कुमार रवि, धर्माबांध ओपी में प्रभारी मनोज कुमार पांडेय, सोनारडीह ओपी में प्रभारी दिलीप पाल, महिला एवं बाल संरक्षण थाना बाघमारा में प्रभारी वर्षा रानी मिंज आदि ने झंडोत्तोलन कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। बीसीसीएल के एरिया तीन कार्यालय में जीएम केके सिंह, एबीजीसी में पीओ एसके शरण, न्यू आकाशकिनारी कोलियरी कार्यालय में जेके जयसवाल, चैतुडीह कोलियरी कार्यालय में मो. इलियास ने झंडोत्तोलन किया। इसी तरह जमसं (कुंती गुट) के केन्द्रीय उपाध्यक्ष रोहित यादव ने तेतुलिया स्थित आवासीय कार्यालय में झंडोत्तोलन किया। धनबाद नगर निगम अंचल कतरास परिसर में सहायक नगर आयुक्त शिखा कुमारी एवं आरिका वर्ल्ड अस्पताल में अरूण कुमार तिवारी, श्रीकृष्णा मातृ सदन में डॉ ममता झा रूद्रांशी, श्री गंगा गौशाला कतरास में महासचिव महेश कुमार अग्रवाल, कांको स्थित आवासीय कार्यालय में झामुमो युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सूरज महतो ने झंडोत्तोलन किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक के छात्रों ने मोहा मन



**पाकुड़।** पॉलिटेक्निक में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्ष और देशभक्ति के उत्साह के साथ मनाया गया। कॉलेज के निदेशक अमिया रंजन बडाजेना, कॉलेज के प्रशासनिक प्रमुख निखिल चंद्र और कॉलेज की प्राचार्या सुषमा यादव की उपस्थिति में संस्थान के सफाई कर्मी के हाथों राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अनोखी पहल ने उपस्थित सभी को भावुक कर दिया और समाज में समानता, सम्मान और एकता का सशक्त संदेश दिया। ध्वजारोपण के पश्चात राष्ट्रगान हुआ, जिसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। छात्रों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और कविता पाठ के माध्यम से देश के प्रति अपनी श्रद्धा और गर्व व्यक्त किया।

# विहिप के स्थापना दिवस पर रामरेखा धाम में विधिवत रूप से हुई पूजा



**सिमडेगा।** विश्व हिंदू परिषद की 61वीं स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को रामरेखा धाम परिसर में विधिवत पूजन-पाठ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा स्थापना दिवस पखवाड़ा की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अगुवाई विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने की।पूजन कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, राधा-कृष्ण एवं भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा तथा भाई बलभद्र के विग्रहों की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस दौरान पूरे वातावरण में वैदिक मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन की गूंज से एक दिव्य और आध्यात्मिक माहौल बन गया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा कि आज का दिन हम सभी हिंदुओं के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। 29 अगस्त 1964 को मुंबई में श्री चिन्नास्वामी राजगोपालाचारी, स्वामी चिन्मयानंद, एम. एस. गोलवलकर और अन्य विद्वानों व संतों की प्रेरणा से विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वभर में बिखरे हिंदू समाज को एक सूत्र में जोड़ना और सनातन धर्म, संस्कृति एवं परंपराओं की रक्षा करना है। विहिप का प्रमुख लक्ष्य जाति, भाषा, क्षेत्र और पंथ के भेदभाव को समाप्त कर समाज में समरसता लाना तथा हिंदू समाज को आत्मगौरव, आत्मरक्षा और धर्म रक्षा के लिए सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा गौ-रक्षा, धार्मिक शिक्षा, सामाजिक उत्थान और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में भी निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।श्रीमद्भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है "धर्मो रक्षति रक्षितः" अर्थात् जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। यही संदेश विश्व हिंदू परिषद की कार्यप्रणाली का मूल आधार है।इस मौके पर बतौर वक्ता नारायण दास ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद न केवल संगठनात्मक दृष्टि से, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्तर पर भी हिंदू समाज को सशक्त बना रहा है।

# फर्जी नंबर प्लेट लगे हाईवा में करंट दौड़ने से खलासी की मौत



**धनबाद।** फर्जी नंबर प्लेट लगा हाईवा में करंट दौड़ने से खलासी की मौत। मौके पर पहुंचे बाघमारा सीओ गिरजानंद किस्कू दिया सरकारी लाभ का आश्वासन। हाईवा में लगा था फर्जी नंबर प्लेट हाईवा का अंदर से तीन फर्जी नंबर प्लेट बरामद।

## प्रखंड मैदान से बाईक की हुई चोरी, मामला दर्ज

**बरही ।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रखंड मैदान से एक ग्लैमर बाईक चोरी होने का मामला सामने आया है. मामले को लेकर सिंहपुर निवासी अर्जुन रविदास पिता स्व रामेश्वर दास ने थाना में रपट लिखवाई है. दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आवेदनकर्ता ने थाना को बताया है कि 15 अगस्त को वह प्रखंड मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को देखने अपने बाईक संख्या जेएच 02एवी 4556 से आए थे. इसी क्रम में वह अपना बाईक प्रखंड मैदान में लगाए थे. दस मिनट के बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी गाड़ी नहीं थी.

## 6 पैकेट में रांची से बाराचट्टी ले जाया जा रहा था नशीली पदार्थ

# बस से 12 किग्रा गांजा बरामद एक गिरफ्तार, तीन नामजद

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** बूटी मोड़ रांची से गया जा रही बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बस संख्या बीआर-01 पीएल 9498 से बरही पुलिस ने 12 किग्रा गांजा बरामद किया है. यह गांजा बस की डिक्की में एक बड़ा बंडल में दो किग्रा के 6 विभिन्न पैकेट में बनाकर रखा गया था. जिसे बिहार के गया जिलांतर्गत बाराचट्टी ले जाना था. उक्त बातें छापेमारी अभियान के दौरान गिरफ्तार युवक रंजन कुमार (23 वर्ष) पिता स्व नरेश यादव ग्राम दौअधरपुर थाना टेकारी जिला गया ने बरही पुलिस को दी. गिरफ्तार युवक ने बताया कि उक्त पैकेट रांची के राहुल राज व दो तीन व्यक्ति ने उन्हें बाराचट्टी ले जाने के लिए दिया थी. मामले के संबंध में सब इंस्पेक्टर मृत्युंजय सिंह के लिखित बयान पर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जा चुका है. जिसमे गिरफ्तार व्यक्ति सहित राहुल, राज और दो तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किए जा चुके हैं. गांजा परिवहन की जानकारी मिलते ही सब इंस्पेक्टर से सिंह ने एसडीपीओ को जानकारी दी और गश्ती दल के आरक्षी गंगा उरांव व जयमसी खलखो के साथ हजारीबाग रोड में बस का इंतजार करने लगे. इसी क्रम में 10.24 बजे आरके होटल के समीप वह गाड़ी आई. जिसे रोका गया और बस कंडक्टर रंजन कुमार पिता झरी साव से जानकारी ली गई. कंडक्टर के निशानदेही पर बस की डिक्की में रखा पैकेट की जानकारी लिया गया. जिसके रखने के बारे में कंडक्टर ने बस में बैठे रंजन कुमार को बताते हुए मिलवाया. युवक ने पैकेट्स रखने की बात स्वीकारते हुए पेकेट देनेवालों की जानकारी दिया. पुलिस ने जब्त पैकेट को उक्त युवक, कंडक्टर और चालक रामकुमार भारती पिता स्व विश्वनाथ भारती तथा दो स्वतंत्र गवाह को उपस्थिति में खोला गया. खोले गए पैकेट्स में 2 किग्रा गांजा के 6 पैकेट्स बरामद किए गए. तलाशी के दौरान एसडीपीओ श्री बिमल भी मौजूद थे. उक्त जानकारी प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ श्री बिमल ने दी. प्रेस वार्ता में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी भी मौजूद थे.

## झाकोमयू कार्यालय में दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी गई श्रद्धांजलि

अलकडीहा। झाकोमयू एवं झारखंड युवा मोर्चा की ओर से चांदकुइयां मोड़ कार्यालय में गुरुवार को संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। मुख्य अतिथि झामुमो नेता एवं आंदोलनकारी युद्धेश्वर सिंह ने दिशोम गुरु की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। सभा में मुख्य रूप से झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के हराधन रजवार, उमाशंकर चौहान, प्रभाष सिंह, कन्हाई सिंह, हीरालाल गोराई, हाराधन मोदक, विजय सिंह, कृष्णा सिंह आदि लोगों ने भी गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। अन्य ट्रेड यूनियनों से बबीता शर्मा, संतोष मोदक, धर्मेंद्र राय, तुलसी रवानी, भोला सिंह, शैलेन्द्र सिंह, विकास सिंह, निमाई सिंह आदि ने भी गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं झामुमो बलियापुर प्रखंड से सचिव निर्मल रजवार, प्राण राय, विजय महतो, हरधन महतो, प्रताप सिंह, बिरजू महतो, जयनारायण सिंह, रोशन सिंह, समरेश सिंह, फलली सिंह आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की। अध्यक्षता झाकोमयू के प्रभास सिंह एवं संचालन युवा मोर्चा के विजय सिंह ने किया।

# भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट प्राथमिकी दर्ज जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता





**बरही।** शनिवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे बरसोत निवासी अधिवक्ता सुनील बख्शी (67) और उनके छोटे भाई अनिल बख्शी को हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है. वही उनके भतीजा व अन्य को गंभीर रूप से चोट लगे है. मामले के संबध में सुनील कुमार बख्शी के लिखित शिकायत पर 12 लोगो को नामजद अभियुक्त बनाया गया है. अभियुक्तों में विनोद ठाकुर पिता स्व लालो ठाकुर, सुनील ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, अनिल ठाकुर, चंदन ठाकुर सभी के पिता लालो ठाकुर, पप्पू ठाकुर, पंकज ठाकुर दोनो के पिता बालेश्वर ठाकुर, मनोज ठाकुर, रानू ठाकुर दोनो के पिता बिजली ठाकुर, सुधीर ठाकुर, संदीप ठाकुर दोनो के पिता विनोद ठाकुर और अर्जुन ठाकुर के नाम शामिल हैं. आरोप है कि शनिवार की सुबह सभी अभियुक्त हरवे हथियार से लैस होकर पीड़ित के घर के गाली गलौज कर रहे थे. कारण पूछने पर टांगी और लाठी से हमला कर दिए. जिससे सुनील बख्शी को गंभीर चोट लगी वही अनिल बख्शी का सर फट गया है. बीच बचाव के लिए आए उनके भतीजा को भी मारकर जख्मी किया गया. हो हल्ला करने पर आस पास के लोग आए और हमलावर भाग गए. परिजनों व स्थानीय लोगों की मदद से पीड़ितों को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां स्थिति को गंभीर बताते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिकी इलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया. मामला जमीन विवाद से संबंधित बताया जा रहा है. पुलिस मामला दर्ज कर छान बीन में जुट गई है.परिजनो ने मामले को जमीन विवाद से संबधित बताया है.

### दूसरे पक्ष ने भी दर्ज करवाई प्राथमिकी

वहीं मामले को लेकर दूसरे पक्ष की ओर से मनवा देवी पति मोती ठाकुर ने बरही थाना में आवेदन देकर 7 लोगों को अभियुक्त बनाया है. प्राथमिकी के अनुसार आवेदनकर्ता ने बताया कि वह अपने जमीन पर शनिवार को सफाई कर रही थी. इसी दौरान बरसोत निवासी सुनील बख्शी व अनिल बख्शी पिता स्व बद्री लाल बख्शी, अमित रंजन व अंकित रंजन पिता अनिल बक्शी, विजय कुमार बक्शी व महिला, गीता बख्शी पति अनिल बख्शी और मंजुला बक्शी पति सुनील बक्शी सभी हरवे हथियार से लैस होकर जमीन पर पहुंचे. उन्हें पटक कर उनके साथ मार पीट किया. जिससे वह जख्मी हो गई, हो हल्ला करने पर आस पास के लोग आए. जिसे देखकर हमलावर भागने लगे इसी क्रम में अनिल बख्शी झाड़ी में गिर गया और उसे चोट भी लगी. मामले के संबंध में पुलिस मामला दर्ज कर छान बीन में जुट गई है.

## कतरी नदी में डूबने से युवक की हुई मौत

कतरास। केशलपुर मुंडा धौड़ा निवासी दैनिक मजदूर जीतन भुइयां (17) की मौत कतरी नदी में डूबने से हो गई। शनिवार की सुबह शिव मोहल्ला के समीप कतरी नदी के किनारे झाड़ियों में फंसा उसका शव मिला। जिसके बाद आस-पड़ोस के लोगों ने शव को नदी से निकाला और मुंडा धौड़ा ले गए। जहां परिजनों के चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। मृतक की मां बसंती देवी ने बताया कि जीतन शुक्रवार की देर शाम कतरी नदी में स्नान करने गया था। नदी तट पर वह कपड़ा साफ कर रहा था। इसी बीच वह नदी में गिर गया और पानी में बहने लगा। स्थानीय युवकों ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन तब तक वह आगे नदी की गहराई में जा चुका था। स्थानीय लोगों ने रात में भी नदी में उसे खोजने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मिला। शनिवार सुबह उसके शव को किसी ने नदी किनारे एक झाड़ी में फंसा देखा तो लोगों की भीड़ जुट गयी। इसी बीच उसके शव की पहचान परिजनों ने की।

**सभा का आयोजन** | खतियान अधिकार सभा सह मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित

# झारखंड का विकास जयराम महतो के हाथों ही संभव है : रमेश कुमार महतो

नवीन मेल संवाददाता

- **जयराम महतो आज के समय में एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा है। लोग उनकी विचारधारा से ही इस पार्टी में ज्वाइन कर रहे हैं**



**रामगढ़।** शनिवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के पतरातू प्रखंड अंतर्गत रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के 25 नंबर वार्ड तेलियातु में एक बैठक आयोजित हुई । इस बैठक का मुख्य उदेश्य आगामी 24 अगस्त को अंबेडकर पार्क, न्यू मार्केट, पीटीपीएस पतरातु मे पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम महतो का खतियान अधिकार सभा सह मिलन समारोह कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है। कार्यक्रम को सुचारू एवं सुनियोजित ढंग से सफल बनाने को लेकर बैठक की गई। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड का विकास जयराम महतो के हाथों ही संभव है। इस बैठक में सभी लोगों ने अपना बहुमूल्य विचार एवं सुझाव दिए। जयराम महतो के विचार धारा से प्रभावित होकर सभी समुदाय के लोग जुड़ रहे हैं। बैठक में लोगों ने कहा कि झारखंड का विकास जयराम महतो के हाथों ही संभव है क्योंकि झारखंड की वर्तमान स्थिति ऐसी बनी हुई है, जिसमें आज तक परिभाषित नहीं हो पाया है की झारखंडी कौन है। यहां के हक अधिकार से स्थानीय लोग भी वंचित है। झारखंड में खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति, विस्थापन नीति, उद्योग नीति बनने पर ही यहां के लोगों को हक अधिकार मिल सकता है या संभव है। इस पार्टी में गरीब, वंचित, पिछड़े वर्ग, दबे, कुचले, शोषित, पीड़ित लोगों की एक उम्मीद जा चुकी है जयराम महतो के प्रति। जयराम महतो आज के समय में एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा है । लोग उनकी विचारधारा से ही इस पार्टी में ज्वाइन कर रहे हैं । सभी समुदाय के लोग जन-जन तक इनके विचारधाराओं को लेकर जा रहे हैं । इस राज्य के वैकेंसी में पहला अधिकार यहां के नौजवानों को योगदान ,अवसर और अधिकार मिलना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, नेता गिरीशंकर महतो, श्याम सुंदर महतो, उमेश महतो, सुरेंद्र महतो , शनि महतो, विजय साहू, कमलेश सिंह, सोनी देवी, किरण पटेल, सुनीता देवी, सरिता देवी, मीना देवी ,रेशमा देवी, बासो देवी, जयंती देवी ,प्रकाश महतो, मँहगु महतो, कबूतर महतो, रामा महतो, कैलाश महतो, ब्रह्मदेव महतो, वीरू महतो, सुमित महतो, रामकृष्ण महतो, भोला महतो, सुरेंद्र महतो, महेश महतो शामिल थे ।

## दृष्टिकोण

हमारे इतने बड़े-बड़े अस्पताल हैं सभी सुविधाओं से युक्त और सभी चिकित्सक विशिष्ट पदकधारी! अपनी विधा में विशेषज्ञ, फिर भी आपके पास ऑपरेशन की संख्या इतनी कम है! एक सामान्य प्रसव का केस जिसमें महिला का ऑपरेशन से प्रसव होना होता है उसे भी आप निजी अस्पतालों में भेज देते हैं। क्या वहाँ के डॉक्टर आपसे अधिक योग्य है? आप काम नहीं करना चाहते इसलिए उन्हें निजी अस्पताल में भेज देते हैं। जिलाधिकारी की फटकार चल रही थी, बैठक कक्ष में मात्र उनकी आवाज ही गूँज रही थी। जिला के सभी स्वास्थ्य अधिकारी सर झुकाए उनकी फटकार मौन सुन रहे थे और एक दूसरे की ओर चोर दृष्टि से से देख भी रहे थे मानो अगले से कहना चाह रहे हों अपनी सफाई देने के लिए परन्तु प्रतिरोध करने की हिम्मत किसी में नहीं थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपनी बात रखनी चाही – "जी सर हम किसी पेशेंट को भेजते नहीं वह हमारे पास आते नहीं होंगे, सीधे निजी अस्पताल में ही चले जाते होंगे......"

उन्हें बीच में ही रोक कर जिलाधिकारी ने उन्हें और उनकी पूरी टीम को नाकारा प्रमाणित कर दिया – "आपके पास कर्मचारियों की फौज है, पूरे जिले की गर्भवती माता की सूची है आपके पास, हर प्रखण्ड में एक बड़ा हॉस्पिटल, चिकित्सक और कर्मचारी हैं, फिर आप समय पर उन्हें अपने यहाँ क्यों नहीं बुलवा सकते कि वह प्राइवेट अस्पतालों में जाते हैं?" "... " आगे कुछ भी कहने की उनकी हिम्मत नहीं हुई। "आपके पास ऑपरेशन से प्रसव की संख्या बहुत कम है, आप कहिए हम क्या सफाई दें अपने उच्च अधिकारी को ऑपरेशन के केस की संख्या हमारे अस्पताल से निजी अस्पतालों में कई गुणा अधिक क्यों है!" "..." बैठक कक्ष में सन्नाटा व्याप्त रहा, जिलाधिकारी को जवाब देना चूहों के द्वारा बिल्ली के गले में घंटी बांधने जैसा था। "आप सभी अपनी कार्यशैली में सुधार लाइए वरना आपका पूरा कैरियर बिगाड़ दूँगा?" मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने हिम्मत करके उन्हें आश्वासन दिया– "जी सर अभी हम कल से ही सूची के अनुसार जिनके प्रसव का एक सप्ताह या दस दिन है उनके पास कर्मचारियों को भेजना प्रारंभ करते हैं और उन्हें अपने अस्पताल में समय पूर्व ही बुला लेंगे।" "बिल्कुल, मैं सुनना नहीं चाहता हमारे अस्पताल से अधिक निजी अस्पतालों में ऑपरेशन हुआ है और हमारे डॉक्टर अयोग्य हैं।" सभी जिलाधिकारी की बात चुपचाप सुन रहे थे, अब किसी में विरोध करने की हिम्मत बची नहीं थी। सभी के चेहरे को देखकर ऐसा लग रहा था मानो सामने शेर हो और वे सभी मासूम मेमना जो शेर से बचने का उपाय ढूँढ रहा हो। बैठक कक्ष के सन्नाटे भंग करती एक महिला चिकित्सक डॉ. शेफाली जो हाल ही में स्थानांतरित होकर इस जिला में आई थी उठ खड़ी हुई – "सर मैं एक बात कहना चाहती हूँ क्या मुझे अपनी बात रखने की अनुमति है?" " हाँ-हाँ! डॉ. शेफाली, आप भी अपनी सफाई दे लीजिए "– जिलाधिकारी ने व्यंग्यात्मक स्वर में कहा और सभी चिकित्सक उसकी ओर सहानुभूति भरी दृष्टि से देखने लगे। "सर आप रिकॉर्ड की जाँच कर लीजिए जिले के जितने भी निजी अस्पताल हैं सभी में जितने प्रसव हुए होंगे उससे अधिक संख्या तो हमारे एक प्रखण्ड के अस्पताल में है..." "बस यही कहना था आपको" – बीच में ही रोक जिलाधिकारी ने क्रोध भरे स्वर में कहा-"नहीं सर अभी मेरी बात पूरी नहीं हुई। निजी अस्पतालों में प्रसव के लिए जितने भी ऑपरेशन हुए हैं उनकी जाँच करवा कर देखिए नब्बे प्रतिशत ऑपरेशन के केस में बिल्कुल सामान्य प्रसव हो सकता था। ऑपरेशन करके उन्होंने आम जनता का शोषण किया है अपने आर्थिक लाभ के लिए। हम व्यर्थ में किसी भी मरीज या उसके परिवार को परेशान करना नहीं चाहते इसलिए हमारे यहाँ निन्यानवे प्रतिशत प्रसव सामान्य ही होता है। मात्र एक प्रतिशत प्रसव मरीज की किसी जटिलता के कारण ऑपरेशन द्वारा होता है। इसलिए आपको हमारे यहाँ ऑपरेशन से प्रसव कम दिखता है और निजी अस्पतालों में अधिक।" जिलाधिकारी को गंभीरता से अपनी बात सुनते देख कर उसने संयत लेकिन गंभीर स्वर में कहा– "सर हम अपना कार्य पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं परन्तु जनता का शोषण रोकने के लिए निजी अस्पतालों पर शिकंजा कसने की आवश्यकता है।" जिलाधिकारी इस चिकित्सक की बातें सुनकर चकित स्वर में बोल उठे – "अरे! एक पहलू यह भी हो सकता है, इस दृष्टिकोण से तो मैंने सोचा ही नहीं था।"


निर्मला कर्ण

## प्यार का पापड़


ललन शर्मा


हास्य

पापड़ दुनिया भर में एक ऐसी इकलौती वस्तु है जिसे सभी लोग खाते हैं। हँस के खाए चाहे रो के। कुछ लोग तो सपनों में भी पापड़ खाते रहते हैं। हाँ, ये अलग बात है कि इसका स्वाद अलग-अलग, खट्टा-मीठा या मिक्स हो सकता है। अब रही बात पापड़ बनाने की तो आप सोच रहे होंगे कि जिस तरह पापड़ आसानी से खाया जाता है। उसी प्रकार इसे बनाना भी आसान होगा। लेकिन सुनिये, पापड़ बनाया नहीं जाता, बेला जाता है। कहने का अर्थ है कि पापड़ बेलकर बनाया जाता है। यह तो जग जाहिर है कि पापड़ बेलना एक कठिन कार्य है पर यह पुण्य कार्य सभी के सभी लोग करते हैं। मन से बेमन से या खाली मन से। कहने का तात्पर्य है कि हर आदमी पापड़ बेलता है। चाहे वह घर में रोटी बेल सके या नहीं। पापड़ बेलने के कई आकर्षक एवं बम्पर उदाहरण भी है जैसे कोई नौकरी के लिए पापड़ बेलता है, कोई शादी के लिए पापड़ बेलता है तो कोई तलाक के लिए, हर कोई कुछ न कुछ करने के लिए पापड़ बेल रहा। मेरे कहने का अर्थ यह है कि यह कार्य अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है। भला बताइए जो काम सभी कर रहे हैं, उसमें मैं कैसे पीछे रहूँ। वैसे मैं निकम्मा कभी भी किसी भी दौड़ में आगे नहीं रहा। यह दुनिया का शास्वत और फिक्स नियम है कि बिना पापड़ बेले आजतक कोई मनुष्य महान नहीं हुआ।

मैंने सोचा चलो इस बेकारी में यही काम ही सही, कुछ न कुछ तो होगा ही और इसमें महान बनने की भी प्रबल सूचना है। और पापड़ बेलने जैसे कार्य में तो नोबल पुरस्कार, आस्कर अवार्ड, तक भी मिल सकता हैं। मैंने दृढ़ निश्चय कर लिया कि प्यार का पापड़ बेलना है। मैं घर आया और एक संपूर्ण मिली जुली योजना बनायी। योजना के अनुसार अगले दिन सजधज के उधार की गाड़ी को हवा में उड़ाता महिला कॉलेज के गेट के सामने जा खड़ा हुआ तो देखा वहाँ मेरे जैसे कई खड़े थे अपनी-अपनी पोजीशन लिये। मैंने भी पोजीशन लिया और कालेज की लड़कियों पर अपनी आँखें तान दी ताकि एकाध निशाने पर बैठे। शाम होते-होते समूचा कॉलेज खाली हो गया पर एक भी निशाना न लगा। मुझे लगा मेरा पोजीशन ही गलत है इसलिए निश्चय किया कि एकदम नजदीक से निशाना लगाऊँगा ताकि मिस होने का खतरा न रहे। अंत में एक झुण्ड और आया मैं भगवान से हाथ-पैर जोड़ कर प्रार्थना करने लगा कि एकाध कन्या इसमें से निकल आए। मेरी मजनूं भक्ति पर शायद भगवान प्रसन्न हुए। एक कन्या ने मेरी ओर देखा, मुस्कुराई और पास आकर अपने स्वर्ण-कण्ठ से बोली -अरे भाई साहब आप ! यहाँ क्या कर रहे हैं? गेटकीपर की नौकरी मिली है क्या? भाई शब्द का संबोधन सुनते ही मेरे दिमाग का फ्यूज उड़ गया। बदन में शर्मिंदगी का करेंट दौड़ने लगा क्योंकि वह पड़ोसी की लड़की थी। मैं सर झुका कर वहाँ से चल दिया और प्रण किया कि इस कॉलेज के पास नहीं भटकना है।

अगले दिन सुबह.सुबह दूसरे महिला कॉलेज के गेट पर मोर्चाबंदी की। मेरा छः घंटे का परिश्रम फल लाया। एक कन्या बाहर निकली और मुझ पर अपनी मुस्कुराहट भरी तिरछी कजरारी निगाहें छोड़ कर आगे बढ़ गई। मैं समझ गया झंडी हरी हो गयी अब मुझे गार्ड की तरह पीछे-पीछे चलना है और सिग्नल पकड़ना है। पर इसमें कितना समय लगेगा मुझे पता न था। यह कोई फिल्म तो है नहीं कि तीन घंटे में प्यार-मोहब्बत, दो चार गाना और प्यार का दि एण्ड। मैं उसके पीछे चल दिया। पर वह जा चुकी थी। मुझे हार तो मानना नहीं था। अतः रोज ड्यूटी देने लगा वह रोज आती, मुस्कुराती, कुछ आगे सड़क पर जाकर लुप्त हो जाती। मुझे समझ नहीं आ रहा कि ऐसा क्यों हो रहा है। अन्ततः कुल छः महीने घनघोर तपस्या के बाद उसका घर ढूँढ़ निकाला।

धत तेरे की, कॉलेज के बगल में ही तो था। चिराग तले अंधेरा। इस मुहावरे को तो मैं भूल ही गया था। अब दो जगह ड्यूटी देने लगा क्योंकि मैं मोहब्बत की कई सीढ़ियाँ फांद चुका था। अब तो घर से कॉलेज और कॉलेज से घर भी छोड़ने लगा। इस दौरान हम प्यार की पकौड़ी खाने लवर्स पॉइंट भी जाते। मेरी उधारी की जेब ठंडी होती तो वह थैंक यू कहती और न जाने अंग्रेजी में क्या-क्या कहती जो मेरे भेजे से बाहर गुल्ली-डंडा खेल कर पार हो जाता। मैं उसके जवाब में बस यस-नो, यस-गुड. थैंक यू,मेन्सन नॉट कहता। अब तक मैं उसका बॉडी गार्ड- सह- सेवक- सह ड्राईवर, सह प्रेमी बन चुका था। जैसा की हमेशा होता है कि मोहब्बत के सफर में एक विलेन का आना जरूरी है सो वो भी हुआ। एक दिन वह एक नये लड़के की नयी-नयी गाड़ी में आयी और बोली मिलिए ये मेरे होने वाले पति हैं। आप जरूर आईएगा मेरी शादी में। ऐसा कह वह मुड़ी और उस विलेन की गाड़ी में बैठ कर फूर्र से उड़ गयी। मैं गुटूर-गुटूर कर प्यार का पापड़ मलता रह गया।

## स्नेह बंधन

कल स्वाति आ रही है। पूरा घर चहल पहल में डूबा हुआ है। स्वाति के पसंद की खाने पीने की चीजों की तैयारी हो रही है और मुदिता,घर की इकलौती बहू को फुर्सत नहीं कि वह फ्रेश होकर सुबह की चाय भी पी सके,बस मशीन की तरह किचन में व्यस्त हैं तड़के सुबह से ही।

परसों रक्षाबंधन है न, इकलौते भाई की अकेली बहन।, सबको प्रतीक्षा रहती है उसके आने की। मुदिता बस दौड़ती रहती है घर आंगन,एक दूसरे की सुविधाओं का ख्याल रखती जरुरी चीजों की व्यवस्था लेनदेन की जिम्मेदारी सब कुछ मुदिता के ऊपर ही है। दोनों बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करना स्कूल छोड़ना लौटते समय सब्जियां खरीद कर ले आना और फिर उसकी खरीददारी पर घंटों अम्मा जी के प्रवचन सुनना। मुदिता भी चाहती हैं अपने मायके जाना, दोनों छोटे भाइयों को सामने बैठा कर राखी बांधने का सुख जीना चाहती है पर विवाह के बाद ये कभी संभव नहीं हुआ। बस कभी आनलाइन या कभी स्पीड पोस्ट से राखी भेजकर संतुष्ट हो लेती ह। आज की तकनीकी दक्षता ने भले ही यह संभव बना दिया है कि वह मोबाइल में अपने भाइयों को देख सकती है लेकिन उनके स्नेहिल स्पर्श और अहसास की अनुभूति वह कभी नहीं कर पाती,उन्हें गले लगाकर ढेरों आशिर्वाद देने की लालसा, अतृप्त ही रह गई। पिता के जाने के बाद अकेली मां के लिए भी वही मनोबल और जिजीविषा की कड़ी है। कभी कभी उसे लगता है कि मां के प्रति वह अपने कर्तव्य नहीं निभा पाती,क्या एक बेटी होने के नाते? हर बार स्वाति के आने की तैयारियों में जुटी मुदिता खुद से सवाल करती है क्या मुझे हक नहीं? पर कोई जवाब नहीं होता। इसलिए अक्सर चुप रहती है और चुपचाप अपने काम पूरे करती रहती है।


पद्मा मिश्रा


एआई जेनरेटेड

अपनी यादों में खोई मुदिता की तंद्रा भंग होती है टेलिफोन की कर्कश आवाज से। अम्मा जी पूजाघर में है और पति मनीष आफिस में वह दौड़ कर फोन उठाती है,उधर से मनीष की आवाज सुनाई पड़ी मृदु ! जल्दी से तैयारी करो, मायके जाने की मां जी आई सी यू में है, दोनों भाई अकेले हैं। सुबह ही छाती में दर्द था,पड़ोसी शर्मा जी ने भर्ती करा दिया है।सुबह एक गाड़ी आयेगी तुमको लेने,जल्दी करो मैंने सारी व्यवस्था कर दी है। वह लड़खड़ा गई, आंसू आंखों में बह आये थे,,तभी मनीष ने कहा अम्माजी को फोन देना वह दौड़ कर उनको बुला लाई ,पता नहीं मनीष ने क्या कहा उनसे कि वह घबराकर बोली,जल्दी तैयार हो जाओ बहू। मुदिता ने जल्दबाजी में दो चार कपड़े रखे और तैयार हो गई,। बाहर गाड़ी हार्न दे रही थी,मुदिता का दिल घबराहट में न जाने कितने अनाप-शनाप बातें सोच रहा था। गाड़ी में बैठी हुई मुदिता स्तब्ध थी,साथ ही पीछे छोड़ आए कामों की चिंता भी थी, बच्चों को भी नहीं बता पाई,। पता नहीं कैसे सब करेंगी अम्मा जी? फिर मां के विषय में सोचती,अकेले वह कैसे संभालेगी मां को?,अचानक क्या हो गया,मेरे दोनों भाइयों का क्या होगा फिर अपनी गलत सोचों को परे धकेल देती नहीं नहीं,ये मैं क्या सोच रही हूं?तभी रेलवे स्टेशन आ गया और सामने ही मनीष मिल गये,उसे टिकट थमाते हुए बोले, आराम से चार पांच दिन तक रुक जाना जब तक मां की हालत संभल नहीं जाती" और एक बड़ा सा बैग थमा दिया,लो,इसे संभालो। तुम कुछ जरुरी सामान घर भूल आई थी। ट्रेन आई और वह बैठ गई,,वह चुप थी, केवल मनीष बोले जा रहे थे "बच्चों की चिंता मत करना, मैंने छुट्टी ले ली है,। ट्रेन आगे बढ़ गई।

शाम को कानपुर पहुंच कर उसने आटो किया और घबराती हुई घर पहुंची। गेट से ही भागते हुए घर में घुसी तो सामने जो दिखा वह चकरा कर वहीं सोफे पर बैठ गई,, सुखद आश्चर्य!! मां तो बिल्कुल ठीक थी वह दौड़ कर उनके गले लग गई "मां तुम्हारी तबियत कैसी है, तुम तो आइसीयू में,"।

अरे नहीं, मैं बिल्कुल ठीक हूं,कल से ही सुजय,विनय जिद कर रहे थे कि इस बार दीदी के हाथों से राखी बंधवायेगें और शाम तक मनीष जी को फोन कर बात भी कर ली।,ये सब मनीष जी का सुनियोजित नाटक था।स्वाति के आने से तुम बहुत व्यस्त हो गई थी इसलिए ये सब करना पड़ा, इसमें स्वाति भी शामिल है।

मनीष जी के दिये बैग में राखियां, मिठाई फल और मां के लिए साडी भी थी। मुदिता हैरान रह गयी ।रिश्तों की जिस डोर को वह संभालने के लिए अपनी इच्छाओं, सपनों को भूल गयी थी,,वे रिश्ते तो बहुत अनमोल निकले। बहुत प्यारे, यह स्नेह बंधन तो रक्षाबंधन की तरह पवित्र और बहुमूल्य है,इन्हें मैं आजीवन सहेज कर रखूंगी। वह फोन पर मनीष और स्वाति को। धन्यवाद देते रो पड़ी।

## कृष्णं वंदे जगद्गुरुम्


चारुमित्रा

जब -जब धर्म की हानि होती है और अधर्म का प्रबल प्रभाव बढ़ता है,तब -तब ईश्वर स्वयं किसी रूप में प्रकट होकर जगत् का कल्याण करते हैं। श्री कृष्ण का अवतार इसका सर्वोत्तम उदाहरण है। वे केवल लीलाधर, माखनचोर या रास-रचैया नहीं अपितु 'जगत् के गुरु' हैं, जिन्होंने जीवन, धर्म , नीति और प्रेम का अद्वितीय संगम प्रस्तुत किया। जन्माष्टमी का पर्व इसी जगद्गुरु के अवतरण का दिवस है। द्वापर में जब कंस का अत्याचार चरम पर था और जनमानस भय और अन्याय से त्रस्त था,तब श्रीकृष्ण ने देवकी की कोख से जन्म लेकर अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना का व्रत लिया। यह सिर्फ एक पौराणिक कथा नहीं बल्कि अन्याय के विरुद्ध एक शाश्वत संज्ञान है।



गोकुल और वृंदावन की गलियों में नटखट कान्हा की माखन -चोरी, बंसी की मधुर- धुन और गोपियों संग रास -लीला-ये सब उनकी सहज,सुलभ और प्रेममय छवि का प्रतीक है। लेकिन यही कृष्ण जब कुरुक्षेत्र के रणक्षेत्र में अर्जुन को उपदेश देते हैं और वे 'योगेश्वर ' बन जाते हैं।

गीता में उन्होंने कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग के माध्यम से जीवन जीने का ऐसा शास्त्र दिया,जो आज भी उतना प्रासंगिक है जितना हजारों वर्ष पूर्व था।

जन्माष्टमी केवल कृष्ण के जन्म का उत्सव नहीं, बल्कि यह सत्य, प्रेम, करुणा और कर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का दिन है। यह पर्व हमें बतलाता है कि अन्याय कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः सत्य ही विजयी होता है। यह प्रेरित करता है कि हम अपने जीवन में मधुरता और नीति का संतुलन बनाए रखें। यह स्मरण कराता है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्म से ही भाग्य का निर्माता होता है -जैसा कि गीता में कृष्ण ने कहा -"कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।" कृष्ण का जीवन एक बहुरंगी इंद्रधनुष की तरह है -जिसमें बालसुलभ चंचलता भी है, मित्रता और प्रेम की गहराई भी, नीति और नीति-भंग दोनों के संतुलित प्रयोग का कौशल भी, और अंततः आत्मा को मोक्ष की ओर ले जाने वाले शिक्षा भी।इसलिए हम श्रद्धा से कहते हैं -"कृष्णं वन्दे जगद्गुरुम्"-कृष्ण जो संपूर्ण विश्व के गुरु हैं, हम उनकी वंदना करते हैं।

## नवल भारत

सजा रहे तीन रंग से धरा गगन,
भरा रहे खुशियों से हिंद का चमन।
ऊंचा रहे मस्तक सदा झुके नही कभी,
दिखा न सके आंख कोई बंधे रहे सभी।
चल पड़ा है हिंद रुकेगा नहीं कभी,
चूम लिया है चाँद को
चूमेगा अब रवि ।
खड़ा है सीना तानकर
विश्व में है खलबली,
वीरों ने दिखाया दम
आंधी ऐसी चली।
इक्कीसवीं सदी का हिंद
खड़ा है शान से,
जल थल से दिखा रहा आंख आसमान से।
कहता नहीं भारत अब करके दिखाता है,
दुश्मनों के घर में घुसकर अपनी ताक़त दिखाता है।
झपट पड़े है बाज की भाँति जो देखे टेढ़ी आंखों से,
विश्व गुरु का ताज पहन दम अपना दिखाता है।
छेड़ोगे तो छोड़ेगा नहीं हिंद की वाणी,
टूट पड़ेगा अरि पर बनकर वह दामिनी।
आजाद भारत का नवल रूप गढ़ा है,
झंडा रहे ऊँचा हर लहू बोल रहा है।


सविता गुप्ता

### काव्य कोना

## जरूरी तो नहीं !

इतिहास की कब्र खोदने से
भविष्य सँवर जाए, जरूरी तो नहीं
अपनों से खुद को दूर करने से
दूसरे करीब आ जाए, जरूरी तो नहीं!
हार पर हार के सिलसिला पर भी
आदमी मेहनत ना करे, जरूरी तो नहीं
गगन में इच्छा का महल बनाने से
ज़मीं पर महल बन जाए, जरूरी तो नहीं !
दोस्त दुश्मन बन जाए घर
दुश्मन दोस्त बन जाए, जरूरी तो नहीं
दोस्त-दोस्त दिखना तो आसान है
दोस्ती का कर्ज-फर्ज अदा हो जाए, जरूरी तो नहीं !
गैरों से मीठी बातें, मनुहार
अपनों से अपनत्व बढ़ जाए, जरूरी तो नहीं
अस्थियों के विसर्जन करने से
यादों का विसर्जन हो जाए, जरूरी तो नहीं !
माटी डालने तो अपने ही आएंगे
दूसरे देखने भी आ जाये, जरूरी तो नहीं
इतिहास की कब्र खोदने से
भविष्य सँवर जाए, जरूरी तो नहीं !

नाग मणि

## पूस.... पूसालो


गीता सिन्हा गीतांजलि

गांव में डालेश्वर चा की वीरता और शौर्य की कई कहानियाँ प्रचलित थीं। उनके जीवनानुभवों में कुछ ऐसी कहानियाँ थीं जो जंगली जीवन से संबंधित थीं। कुछ ट्रक चालन करते हुए खतरों से बच निकलने की बातें थीं। कुछ ऐसी कहानियाँ भी थी जिसमें उनके विवाह न करने की कसमें खाते हुए, घर आए लड़की वालों को भगा देने की बातें थी। पर हम बच्चों की दिलचस्पी सिर्फ जंगली जीवन और जानवरों से संबंधित कहानियों से थीं।

गाँव में चावल- दाल, गेहूँ - आटा, दूध - दही , बेसन, पापड़, अचार, गुड़ही लड्डू और खाजा बेचने वाला एक ही दुकान था। हम उसे "मोदी दुकान" कहते थे। मेरे घर से मोदी दुकान जाने के लिए एक ही रास्ता था, जो बेलतर से होकर गुजरता था। एक शाम मैं पैसे लेकर जब मोदी दुकान चायपत्ती, चीनी लेने चली तो मेरे आस-पास के सभी बच्चों को बेलतर जमा पाई। बेलतर पहुँचने पर पता चला " डालेश्वर चा कहानी सुना रहे हैं?" फिर वही जंगली कथा...... एक रात आदिवासियों की बस्ती में गुजरने की मजबूरी.... पूस की जाड़ेवाली रात....... कंपकंपी और पुवाल का बिछावना, पुवाल का ओढ़ना...... बाघ आने का खतरा......।

मैं वहाँ रुकी, तो रुकते ही समझ गई कहानी के आरंभिक अंश निकल चुके हैं। सभी बच्चे जमीन पर सांसें रोक कर बैठे हैं।....... अब आगे क्या होने वाला है? सबके चेहरे पर उत्सुकता और भय..... मैं भी जमीन पर बैठ गई।



डालेसर चा बोले - - - गाँव में अगहन की धनकटनी के बाद सभी "पूसालो" मनाते हैं। यहाँ इसे पिकनिक नहीं कहते हैं। वे पूस आने पर जंगल में खाना पकाकर खाने को पूसालो कहते हैं। वैसे ही पूस का एक ठंड भरा दिन था, जब पूरा गाँव "पूसालो "मनाने जंगल की ओर जाता था। हर घर से चावल, दाल, पैसा मिलता और दो लोग सारा इंतजाम करते। गाँव की स्त्रियाँ, बच्चे, बूढ़े तैयार हो होकर बैलगाड़ियों में बैठते और काफिला चल पड़ता जंगल की ओर।

बेलकुसी नदी के पार करते ही वह स्थल आ जाता, जहाँ बड़े छोटे पत्थर होते जो चूल्हा बनाने के काम में आते थे। इस काम में स्त्रियाँ लग जातीं। चावल, दाल, गोभी - आलू की सब्जी और बेसन के पकोड़े...... खाते- पीते तीन, साढ़े तीन बज गए थे। स्त्रियाँ बेलकुसी नदी में बर्तन मांजने लगी। तब गाँव के बुजुर्ग रघुनाथ बा ने कहा - - - ऐसा करते हैं जो बैलगाड़ियां हैं उनमें पहले स्त्रियाँ और बच्चे गाँव की ओर प्रस्थान करें... फिर हम सब...... लौटेंगे। नौ दस बैलगाड़ियों में जितने अँटे उन्हें गाँव भेज दिया गया।

शाम हो चली थी। जंगल की ठंडी हवा हमें डरा रही थी। उन दिनों गर्म कपड़ों का प्रायः अभाव था जो बहुत खल रहा था। हम दस बारह जन जो छूट गए थे उनका जाने का इंतजाम हो नहीं पा रहा था, क्योंकि गाँव इस नदी से बारह कोस की दूरी पर था। जहाँ हमारा भोजन पका था वहाँ से कुछ दूरी पर आदिवासियों की झोपड़ियाँ दिख रही थी।...... हम वहीं चले गए और रात यहीं बिताने की बात उन्हें बताए। एक आदमी झोपड़ी से निकला और बोला---" तुम सब बैरिया गाँव के हो? यहाँ तो हमारे पास पुवाल का बिछावन है और पुवाल का ही ओढ़ना...... और एक बात बता दूँ...... रात को जंगल से कभी-कभी बाघ भी आ जाता है। कैसे ठहरावें?" वह अपनी मजबूरी और आपदा आने की आशंका बता रहा था।

जब उसने देखा अचानक आई यह आपदा जाने वाली नहीं है तो झोपड़ी के सामने, पेड़ के नीचे रखी टहनियों को इकट्ठा कर अलाव जलाया, बैठने के लिए बाँस की टूटी कुर्सियाँ लाया।

हम वहीं जम गए। पुआल के बिस्तर पर बैठकर गप्पें लड़ाते रहे। रात गहराने लगी थी। बीच-बीच में सियारों की आवाज़ें.... हुआ..... हुआ..... सुनाई पड़ती फिर एक चुप्पी, सन्नाटा....... झोपड़ी में रह रहा परिवार भी सो चुका था। एकमात्र जलती डिबिया भी तेल खत्म होने के कारण बुझ रही थी। तभी आठ दस जनों को संबोधित करके मेरी (डालेसर चा) आवाज़ें गूंजी - - - "अगर बाघ आ जाए तो सभी सांस रोक कर लाश बनकर पड़े रहें..... जब तक की बाघ सूंघ सांघकर चला न जाए।" सभी ने हामी भरी। रात करीब बारह एक के बीच का समय रहा होगा जब किसी भारी भरकम पैरों की हल्की आवाज़ें आई। हम सांस रोक कर पड़े रहे। जरा भी शरीर में हरकत होने का मतलब था मौत....... वो भी बाघ के पेट में.....।

एक प्रकार की गंध जो प्रायः जानवरों के शरीर की होती है आ रही थी...... फिर भी हम लाश बनकर पड़े रहे.... करीब करीब दस पंद्रह मिनट के बाद बाघ जा चुका था सचमुच। फिर भी हम पड़े थे। हमारी सचमुच सांसें रुकती अनुभव हो रही थी। मैं चिल्लाया - - - - सभी सुरक्षित तो हैं? रघुनाथ बा आपका पौत्र मोहन, विनय, राघव, माधव...... सब ने उठकर अपना चेहरा दिखाया। तेरह वर्षीय मोहन पुआल के भीतर से चेहरा निकाला - - - - - और बोला--"मैं भगवान का नाम लेता रहा, लाश बनकर पड़ा रहा ...अगर बाघ को पता चले कि आदमी मृत है तो वह आक्रमण नहीं करता

डालेसर चा, बाघों के इस स्वभाव के बारे में आपको कैसे पता? "

मैं सकपकाया।.... इतना ही बोल सका.... "मैं कहीं पढ़ा था लेकिन आज इसे सच पाया।"

पौ फटने ही वाला था। हम नई जिंदगी पाए इंसान की तरह उठ बैठे थे। झोपड़ी के भीतर से वह आदिवासी स्त्री लकड़ी जलाकर चाय की केतली आग पर रख रही थी। हम सब गाँव की ओर जाने के लिए तैयार थे।

डालेसर चा कहानी खत्म कर चुके थे। तब मुझे याद आई माँ चाय पत्ती, चीनी का इंतजार कर रही होगी। भागी - भागी चायपत्ती, चीनी लेकर घर पहुँची। कई दिनों तक, महीनों, यह कहानी बाघ के आक्रमण न करने और सूंघकर चले जाने की बातें दिमाग में घूमती रही।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

### आज का दोहा

आजादी के दिन लिए, गए, कई संकल्प।
कभी गल्प थी बात, अब, नूतन खड़े प्रकल्प।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### टैरिफ से भारत को मिल गई राहत!

# रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर बोले ट्रंप, 2-3 हफ्ते बाद सोचेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के लिए एक राहत की बात यह है कि



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह रूस और उसके व्यापारिक साझेदारों पर तत्काल द्वितीयक प्रतिबंध लगाने पर विचार नहीं कर रहे हैं। हालाँकि, ट्रंप ने ज़ोर देकर कहा कि उन्हें 2-3 हफ़्तों" में इस पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है। फ़ॉक्स न्यूज़ को दिए एक साक्षात्कार में, ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध पर राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत के बाद रूस के प्रति अपना रुख नरम करते हुए कहा कि अलास्का शिखर सम्मेलन "अच्छा रहा" और इसे "10/10" रेटिंग दी। द्वितीयक शुल्कों पर ट्रंप कि आज जो हुआ, उसके कारण मुझे लगता है कि मुझे इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है। मुझे इसके बारे में दो या तीन हफ़्ते या कुछ और समय में सोचना पड़ सकता है, लेकिन हमें अभी इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है। मुझे लगता है कि बैठक बहुत अच्छी रही। ट्रंप की यह टिप्पणी भारत और रूस के बीच तेल व्यापार और चीन पर संभावित शुल्कों के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में आई। हालाँकि, ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह जवाबी शुल्कों की बात कर रहे थे या उन देशों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की, जो विशेष रूप से रूसी तेल खरीदने पर लगा रहे थे। भारत पर 25% का पारस्परिक शुल्क लगाने के बाद, ट्रम्प ने रूसी तेल की निरंतर खरीद के कारण भारतीय वस्तुओं पर 25% का अतिरिक्त शुल्क लगाकर नई दिल्ली को चौंका दिया। इससे भारतीय आयातों पर कुल शुल्क दोगुना होकर 50% हो गया। उन्होंने रूसी तेल खरीदने वाले देशों को यह भी चेतावनी दी कि उन पर द्वितीयक प्रतिबंध भी लगाए जा सकते हैं। चीन और भारत रूसी तेल के दो सबसे बड़े खरीदार हैं। अलास्का शिखर सम्मेलन से कुछ ही दिन पहले, ट्रम्प ने दावा किया था कि भारत पर लगाए गए दंडात्मक शुल्कों ने रूस के ट्रम्प के साथ बैठक करने के निर्णय को प्रभावित किया है क्योंकि मास्को अपना दूसरा सबसे बड़ा ग्राहक खो रहा है। हालाँकि, भारत ने स्पष्ट किया है कि ट्रम्प की धमकियों के बाद रूसी तेल आयात में कोई रोक नहीं लगी है।

### पुतिन से मुलाकात के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की को फोन मिलाया, सोमवार को वाशिंगटन बुलाया



**अलास्का।** अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ऐतिहासिक मुलाकात के ठीक बाद, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने एक बडा कदम उठाया है। उन्होंने शनिवार को घोषणा की कि वह सोमवार को वाशिंगटन, डी.सी. में ट्रंप से मिलने जा रहे हैं, ताकि यूक्रेन में 'हत्या और युद्ध को समाप्त करने' पर चर्चा की जा सके। यह घोषणा एक टेलीफोन कॉल के बाद की गई, जिसमें ट्रंप ने जेलेंस्की को अलास्का में पुतिन के साथ हुई अपनी बातचीत के 'मुख्य बिंदुओं' से अवगत कराया। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर की घोषणा जेलेंस्की ने अपनी यात्रा की पुष्टि करते हुए 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा, 'सोमवार को, मैं वाशिंगटन, डी.सी. में राष्ट्रपति ट्रंप से मिलूंगा और हत्या और युद्ध को समाप्त करने से संबंधित सभी विवरणों पर चर्चा करूंगा।' उन्होंने इस निमंत्रण के लिए ट्रंप का आभार व्यक्त किया। जेलेंस्की के मुताबिक, उन्होंने ट्रंप के साथ 'लंबी और सार्थक बातचीत' की। यह बैठक ट्रंप और पुतिन के बीच हुई मुलाकात के तीन दिन बाद हो रही है। हालांकि, अलास्का में हुई बातचीत में युद्धविराम या यूक्रेन पर मास्को के तीन साल से अधिक पुराने आक्रमण को समाप्त करने के लिए कोई स्पष्ट प्रगति नहीं हुई थी।

# पुतिन के ट्रंप शिखर सम्मेलन से बिना किसी रियायत के वापस लौटने पर रूस खुश

**प्योत्र सॉयर (रूसी मामलों के रिपोर्टर)**

- **रूस पर कोई प्रतिबंध न लगाए जाने व युद्धविराम पर कोई सहमति न होने के कारण, मास्को को लगता है कि उसका पलड़ा भारी है**

